mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-29 अंक-16 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

रीवा

16 जनवरी 2025 गुरुवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित



पंत ने दिल्ली के...
@ पेज 7

# महाकुंभ में भूले भटकों को रास्ता दिखाते, बिछड़ों को मिलाते बिजली के खंभे



**प्रयागराज (एजेंसी)।** महाकुंभ मेले में भूले भटकों को मिलाने के लिए भूले-भटके कैंप लगाए जाते रहे हैं और इस बार तो महाकुंभ मेले में डिजिटल भूले-भटके कैंप भी लगे हैं। लेकिन,

● **खंभों में क्यूआर कोड स्कैन कर भौगोलिक स्थिति जान सकता है**

बिछड़े लोगों को मिलाने और भटके हुए लोगों को रास्ता दिखाने में बिजली के खंभे भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। बिजली विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि डिजिटल महाकुंभ के तहत पूरे मेला क्षेत्र में 50,000 बिजली के खंभों में क्यूआर कोड लगाए गए हैं जिन्हें कोई भी व्यक्ति मोबाइल से स्कैन करके अपनी भौगोलिक स्थिति जान सकता है। इसका परीक्षण करने के लिये जब इस क्यूआर कोड का भौतिक परीक्षण करने के लिए एक खंभे पर लगे क्यूआर कोड को स्कैन किया तो एक फॉर्म सामने आ गया जिसमें नाम, मोबाइल नंबर और खंभे पर लिखी संख्या 28126 भरकर उसे सबमिट (जमा) कर दिया। इसके एक ही मिनट के भीतर बिजली विभाग से फोन आ गया। फोन पर बिजली विभाग के कंट्रोल रूम से चंद्रप्रकाश नाम के व्यक्ति ने पूछा, ÷मैं आपकी क्या मदद कर सकता हूं।÷ इधर से जवाब दिया गया, ÷मैं रास्ता भटक गया हूं और मुझे मेला प्रशासन कार्यालय जाना है, कैसे जाऊं।÷ विभाग के व्यक्ति ने बताया, ÷आप इस समय संगम लोअर मार्ग पर सेक्टर-16 में हैं। मेला कार्यालय जाने के लिए आपको त्रिवेणी मार्ग पर आना होगा जहां से पांटून का पुल पार करके आप त्रिवेणी ढाल पर आ जाएं और वहां से सीधे मेला कार्यालय पहुंच जाएं।÷ बिजली विभाग के कंट्रोल रूम में बतौर सुपरवाइजर कार्यरत विकास चौहान ने बताया कि पोल नंबर, क्यूआर कोड और जी कोड के माध्यम से लोग अन्य समस्याओं जैसे कहीं पानी नहीं आने की समस्या, सड़क पर बिछी शीट उखड़ने की समस्या का भी निराकरण कर रहे हैं। चौहान ने बताया कि मंगलवार को मकर संक्रांति स्नान पर्व पर चंडीगढ़ से आए मोहित के पिता उनसे बिछड़ गए। बेटे ने पिता से किसी व्यक्ति के माध्यम से पोल संख्या पूछ ली और विभाग से पोल संख्या साझा कर भौगोलिक स्थिति पता करके अपने पिता को ढूंढ लिया। उन्होंने बताया कि विभाग ने ये डेटा डायल 112 और डायल 1920 के साथ भी साझा किए हैं और अन्य समस्याओं के बारे में आई शिकायत संबंधित विभाग के पास भेज दी जाती है और विभाग पोल संख्या की मदद से मौके पर पहुंचकर समस्या का निराकरण कर रहे हैं। बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता (कुंभ) मनोज गुप्ता ने बताया कि जीआईएस की मदद से इस क्यूआर कोड को स्कैन कर कोई भी व्यक्ति अपनी या दूसरों की भौगोलिक स्थिति का पता लगा सकता है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को प्रथम अमृत स्नान पर्व पर 3.50 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में आस्था की डुबकी लगाई।

## संक्षिप्त समाचार

### गिरफ्तारी के बाद 10 घंटे तक राष्ट्रपति यून सुक येओल से हुई पूछताछ

**सियोल (एजेंसी)।** महाभियोग का सामना कर रहे दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल से बुधवार को जांच एजेंसियों ने करीब 10 घंटे तक पूछताछ की। देश की राजधानी सियोल के निकट एक हिरासत केंद्र में ले जाया गया। इससे पहले, उनसे पिछले महीने मार्शल लॉ लगाने के



संबंध में कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारियों ने पूछताछ की। यून को उनके राष्ट्रपति निवास पर हिरासत में लेने के बाद देश की भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी ने लगभग 10 घंटे तक पूछताछ की। यून ने भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी के मुख्यालय में ले जाए जाने से पहले रिकॉर्ड किए गए एक वीडियो संदेश में कहा, ''इस देश में कानून का शासन पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है''। वह राजधानी सियोल में हन्नाम-डोंग आवास में कई सप्ताह तक छिपे रहे थे और उन्होंने सत्ता से उन्हें हटाने के प्रयासों के खिलाफ ''अंत तक लड़ने'' का संकल्प व्यक्त किया था। राष्ट्रपति ने पिछले वर्ष तीन दिसंबर को मार्शल लॉ की घोषणा की थी। राष्ट्रपति के इस कदम ने पूरे देश को हैरत में डाल दिया था। हालांकि मार्शल लॉ कुछ ही घंटों से समाप्त हो गया था लेकिन इसके बाद देश में राष्ट्रपति के खिलाफ असंतोष की भावना फैल गई थी और विपक्षी दल उनके खिलाफ महाभियोग की कार्रवाई करने की मांग करने लगे थे।

### बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बरी, सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला

**ढाका(एजेंसी)।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया एक और बड़े मुकदमे में बरी हो गई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अध्यक्ष खालिदा जिया को भ्रष्टाचार के एक मामले में बरी कर दिया। साथ ही



उच्च न्यायालय द्वारा उन्हें दी गई 10 वर्ष की जेल की सजा को पलट दिया। 'ढाका ट्रिब्यून' की खबर के अनुसार, उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ खालिदा (79) की अपील की समीक्षा के बाद प्रधान न्यायाधीश डॉ.सैयद रेफात अहमद की अध्यक्षता वाली पीठ ने बुधवार को यह फैसला सुनाया। खबर में कहा गया है कि उच्चतम न्यायालय ने जिया, पार्टी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान और अन्य सभी संदिग्धों को जिया अनाथालय ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में उनकी अपील पर बरी कर दिया। अपीलीय प्रभाग ने कहा कि यह मामला बदले की भावना से प्रेरित था। जिया को आठ फरवरी, 2018 को ढाका की विशेष न्यायाधीश अदालत-5 ने जिया अनाथालय ट्रस्ट के नाम पर सरकारी धन के कथित गबन के लिए पांच साल के कारावास की सजा सुनाई थी। इसी फैसले में खालिदा जिया के बेटे तारिक और पूर्व मुख्य सचिव कमालुद्दीन सिद्दीकी सहित पांच अन्य आरोपियों को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। प्रत्येक आरोपी पर 2.1 करोड़ टका का जुर्माना भी लगाया गया। आरोपियों में से तारिक, सिद्दीकी और जियाउर्रहमान का रिश्तेदार मोमिनुर रहमान अब भी फरार हैं। जिया ने अधीनस्थ अदालत के फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील की थी।

## जम्मू से अब सीधे कश्मीर तक जाएगी ट्रेन, मिला अप्रूवल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू से श्रीनगर तक रेल लाइन को मिला सीआरएस अप्रूवल मिल गया है। इससे ट्रेन अब सीधे तौर पर कश्मीर तक जा सकेगी। जानकारी के अनुसार, जम्मू से श्रीनगर तक रेल मार्ग यानी यूबीआरएस को सीआरएस अप्रूवल मिला है। कमिश्नर ऑफ़ रेलवे सेफ्टी ने सर्टिफिकेट दिया है। जानकारी के अनुसार, श्री माता वैष्णो देवी धाम कटरा से रियासी के बीच 85 किलोमीटर प्रति घंटे




की स्पीड से ट्रेन चलने को इजाजत मिली है। स्टेशन के लूप लाइन पर 15 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से फिटनेस मिला है। वंदे भारत और डेमू और मेमू ट्रेनों को जम्मू से श्रीनगर तक चलने की तैयारी की जा रही है। कश्मीर घाटी के लिए वंदे भारत ट्रेन श्री माता वैष्णो देवी कटरा (एसवीडीके) और श्रीनगर के बीच चलेगी। कटरा-श्रीनगर-कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन बनिहाल और काजीगुंड सहित रास्ते में सभी प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी। बता दें कि भारतीय रेलवे (आईआर) जम्मू और कश्मीर के लिए दो नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें शुरू करने की संभावना है। इसके साथ ही राज्य को आवंटित सेमी-हाई-स्पीड ट्रेनों की संख्या बढ़कर 4 हो जाएगी। इससे पहले दो अत्याधुनिक ट्रेनें शुरू की थीं। ये हैं- ट्रेन नंबर 22439/22440 नई दिल्ली-एसएमवीडी कटरा, और ट्रेन नंबर 22478/22477 एसएमवीडी कटरा-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस। जम्मू और श्रीनगर के बीच बहुप्रतीक्षित वंदे भारत ट्रेन सेवा जल्द ही शुरू होगी। चालू वित्तीय वर्ष में ट्रेनें शुरू की जाएंगी। इन नई सेमी-हाई-स्पीड ट्रेनों का रखरखाव और संचालन उत्तर रेलवे (एनआर) जम्मू डिवीजन द्वारा किया जाएगा।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवी मुंबई के खारघर में कार्यक्रम में हुये शामिल**

## दुनिया के दूसरे सबसे बड़े राधा मदनमोहन जी मंदिर का उद्घाटन

**खारघर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवी मुंबई के खारघर में इस्कॉन के प्रयासों से निर्मित श्री श्री राधा-मदनमोहनजी मंदिर का उद्घाटन किया है। यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मंदिर है। पीएम मोदी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि ज्ञान और भक्ति की महान धरती पर इस्कॉन के प्रयासों से श्री श्री राधा-मोहन मंदिर का उद्घाटन हो रहा है। मंदिर प्रांगण में इस्कॉन के 5 हज़ार से ज़्यादा साधु संतों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह इस्कॉन के संतों का अपार स्नेह और अपनापन है कि मुझे ऐसे आलौकिक अनुष्ठान में अपनी भूमिका निभाने का पुण्य प्राप्त हुआ। राधा मोहन मंदिर की रूपरेखा, इसका स्वरूप उसमें अध्यात्म और विज्ञान की संपूर्ण परंपरा के दर्शन हो रहे हैं। नई पीढ़ी की रुचि और आकर्षण के अनुरूप यहां महाभारत, रामायण, उसको समेटे हुए, उसपर आधारित म्यूजिम भी बनाया जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि यह मंदिर परिसर आस्था के साथ-साथ भारत की चेतना को भी समृद्ध करने का एक पुण्य केंद्र बनेगा।



पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया भर में फैले इस्कॉन के अनुयायी भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति की डोर से बंधे हैं। उन सबको एक-दूसरे से कनेक्ट रखने वाला एक और सूत्र है जो 24 घंटे हर भक्त को दिशा दिखाता रहता है। ये श्री स्वामी प्रभुपाद के विचारों का सूत्र है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत असाधारण और अद्भुत भूमि है। यह केवल भौगोलिक सीमाओं में बंधा भूमि का टुकड़ा मात्र नहीं है। भारत जीवंत धरती है, जीवंत संस्कृति, जीवंत परंपरा है। उन्होंने कहा कि इस संस्कृति की चेतना यहां का आध्यात्म है। भारत को समझने के लिए पहले अध्यात्म को आत्मसात करना होता है। जो दुनिया को भौतिक दृष्टि से देखते हैं, उन्हें भारत भी अलग अलग भाषा और प्रांतों का समूह नजर आता है। जब सांस्कृतिक चेतना से अपने को जोड़ते हैं तो आपको भारत के विराट रूप के दर्शन होते हैं।

## बिहार के मंत्री को जान से मारने की धमकी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह को जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। संतोष कुमार सिंह ने मंगलवार को दावा किया है कि उन्हें एक शख्स जिसने खुद को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई बताया, जान से मारने की धमकी दी है। श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने इस मामले में मंगलवार को पुलिस के पास शिकायत भी दर्ज कराई है। पुलिस ने इस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने धमकी भरे फोन के बारे में पूरी जानकारी दी है। उन्होंने बताया- ÷मंगलवार को मेरे मोबाइल फोन पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई बताया। उसने 30 लाख रुपये मांगे।÷ संतोष कुमार सिंह ने कहा कि फोन करने वाले ने उन्हें पैसे भेजने का तरीका भी बताया है। मंत्री संतोष कुमार सिंह ने बताया कि फोन करने वाले ने उन्हें एक बार और फोन किया और बाबा सिद्दीकी हत्याकांड की याद दिलाई।

## अंतिम संस्कार की हो गई तैयारी, बंट गए थे शोक संदेश, अचानक जिंदा हो गया शख्स

**मुर्दा समझ अंतिम संस्कार हो गई थी तैयारी**

**कन्नूर (एजेंसी)।** केरल के कन्नूर जिले से एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। जिले में मर चुके एक शख्स को लोग शवगृह में लेकर जा रहे थे उससे कुछ ही मिनट पहले वह जिंदा हो गया। इस चमत्कार को देखकर वहां मौजूद लोग हैरान हो गए। मृतक के परिजनों ने उसे मृत मान लिया था और मौत के बाद के आगे की प्रक्रिया के लिए उसे अस्पताल के शवगृह में ले जाया जा रहा था। परिवार ने अगले दिन उसके अंतिम संस्कार की पूरी तैयारी भी कर ली और निधन का शोक संदेश भी रिश्तेदारों को भेज दिया। रिश्तेदार शोक मनाने भी आ गए, लेकिन मुर्दा दोबारा जीवित हो गया, जिससे सभी लोग चौंक गए। कुथुपरम्बा के पचपोइका निवासी 67 वर्षीय पवित्रन के परिवार ने बताया कि, पवित्रन कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित थे और वह अस्पताल में वेंटिलेटर पर थे, लेकिन इलाज के अधिक खर्च के कारण परिवार ने सोमवार को उन्हें वापस घर लाने का निर्णय लिया। रिश्तेदारों ने बताया कि डॉक्टरों ने बताया कि पवित्रन बिना वेंटिलेटर के जीवित नहीं रह पाएंगे और अगर उसे हटा दिया गया तो 10 मिनट के भीतर उनकी मौत हो जाएगी। डॉक्टरों ने ये भी कहा था कि आईसीयू में उन्होंने अपनी आंखें नहीं खोली थीं और उनका ब्लड प्रेशर भी बहुत कम हो गया था। परिवार ने बताया कि



डॉक्टरों ने कहा था कि घर ले जाने के क्रम में बिना वेंटिलेटर के साधारण एम्बुलेंस में पांच घंटे से अधिक की यात्रा में उनके बचने की संभावना नहीं है। रिश्तेदारों ने बताया कि यात्रा के दौरान पवित्रन का शरीर गतिहीन रहा और उसमें जीवन के कोई लक्षण नहीं दिखे। पवित्रन की पत्नी और बहन एम्बुलेंस में उसके साथ थीं, जबकि अन्य रिश्तेदार कार में उनके पीछे-पीछे आ रहे थे। रात में घर पहुंचने पर परिजनों ने उसके ÷शव÷ को एकेजी अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया और मंगलवार के लिए अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी। अस्पताल के अटेंडेंट जयन और इलेक्ट्रीशियन अनूप ने बताया कि हमने देखा कि उस मुर्दा कहे जाने वाले व्यक्ति की उंगलियां हिल रही हैं। हमने तुरंत रिश्तेदारों और चिकित्सकों को सूचित किया। जब मरीज का रक्तचाप जांचा गया तो वह सामान्य पाया गया।

## सुप्रीम कोर्ट से मायावती को बड़ी राहत

**सरकारी खजाने से करोडों रुपये खर्च कर अपनी और हाथी की मूर्तियां बनाने का मामला**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान सरकारी खजाने से करोडों रुपये खर्च कर अपनी और अपनी पार्टी के सिंबल हाथी की मूर्तियां बनाने के खिलाफ दाखिल जनहित याचिका का सुप्रीम कोर्ट ने 15 जनवरी को निपटारा कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने मायावती के खिलाफ दाखिल कई गई याचिका पर सुनवाई बंद कर दी है।

जानकारी के अनुसार, कोर्ट ने 15 साल पहले दाखिल याचिका को पुराना मामला मानते हुए सुनवाई बंद की। सुप्रीम कोर्ट के वकील रविकांत ने 2009 मे याचिका दाखिल कर मांग की थी कि जनता के जितने पैसे का दुरूपयोग हुआ है, वो बहुजन समाज पार्टी से वसूला जाए और जनता के पैसे से पार्टी का सिंबल हाथी को पार्कों में बनाया गया है। इसलिए बसपा का चुनाव चिन्ह जब्त करने का सुप्रीम कोर्ट चुनाव आयोग को आदेश दे। हालांकि कोर्ट ने याचिकाकर्ता की मांग नहीं मानी।



बता दें कि यह फैसला उस दिन आया है जब मायावती अपना 69वां जन्मदिन मना रही हैं। इसलिए कहा जा सकता है कि मायावती को अपने जन्मदिन पर दोगुनी खुशी मिली। कोर्ट के फैसले से बसपा कार्यकर्ता भी काफी खुश नजर आ रहे हैं। मायावती ने साल 2009 में करदाताओं के पैसे से लखनऊ और नोएडा के पार्क में अपनी, कांशी राम और हाथियों की मूर्तियां बनवाया था। 2007 से 2012 के बीच मायावती यूपी की मुख्यमंत्री थीं। याचिका में दावा किया गया कि 52.20 करोड़ रुपये की लागत से साठ हाथी की मूर्तियां स्थापित करना सरकारी धन की बर्बादी है और चुनाव आयोग द्वारा जारी निर्देशों के विपरीत है।

## केंद्रीय मंत्री पुरी ने राहुल गांधी पर किया पलटवार

**बोले- एक भारतीय कैसे कह सकता है कि उसकी लड़ाई भारत से है?**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को उनके दिए बयानों पर बीजेपी ने एक बार फिर घेर लिया है। केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए कहा कि एक भारतीय कैसे कह सकता है कि उसकी लड़ाई भारत से है? राहुल गांधी ने हाल के चुनाव में पारदर्शिता का जिक्र करते हुए यह बयान दिया था।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने पार्टी के नए मुख्यालय 'इंदिरा भवन' के उद्घाटन के बाद यह दावा भी किया कि भारत की चुनाव प्रणाली में गंभीर समस्या है। उन्होंने कहा कि ÷ऐसा मत सोचिए कि हम निष्पक्ष लड़ाई लड़ रहे हैं। इसमें कोई निष्पक्षता नहीं है। अगर आप मानते हैं कि हम भाजपा या आरएसएस नामक राजनीतिक संगठन से लड़ रहे हैं, तो आप समझ नहीं पाए हैं कि क्या हो रहा है। भाजपा और आरएसएस ने हमारे देश की हर संस्था पर कब्जा कर लिया




है। अब हम भाजपा, आरएसएस और भारतीय राज्य से ही लड़ रहे हैं।÷ राहुल गांधी ने हालिया विधानसभा चुनावों का हवाला देते हुएचुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर सवाल खड़े किए और कहा कि उनकी लड़ाई सिर्फ भारतीय जनता पार्टी तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से नहीं, बल्कि 'इंडियन स्टेट' (भारतीय राज व्यवस्था) से भी है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने पार्टी के नए मुख्यालय के उद्घाटन के बाद यह दावा भी किया कि भारत की चुनाव प्रणाली में गंभीर समस्या है। उन्होंने दावा किया, ''मैंने स्पष्ट रूप से कहा है कि महाराष्ट्र चुनाव में कुछ गलत हुआ है। हम चुनाव आयोग के काम करने के तरीके से असहज हैं। महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बीच अचानक करीब एक करोड़ नए मतदाताओं का सामने आना समस्या की बात है।'' हरियाणा के चुनाव पर भी उठाए सवाल

राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव में मतदान करने वालों के नाम और पते के साथ मतदाता सूची उपलब्ध कराना चुनाव आयोग का कर्तव्य है, लेकिन उसने यह जानकारी देने से इनकार कर दिया है। उन्होंने सवाल किया, ''चुनाव आयोग मतदाता सूची को पारदर्शी बनाने से क्यों इनकार करेगा? हमें सूची न देकर किस उद्देश्य की पूर्ति होती है और वे इसे क्यों रोके हुए हैं?'' राहुल गांधी के अनुसार, पारदर्शिता सुनिश्चित करना निर्वाचन आयोग का कर्तव्य है और यह बताना उनकी पवित्र ज़िम्मेदारी है कि ऐसा क्यों हुआ है। कांग्रेस नेता ने कहा, ''यह ऐसी बात है जिसे हर कांग्रेसी और हर विपक्षी सदस्य को ध्यान में रखना चाहिए।

## हेलमेट के बिना पेट्रोल नहीं दिया तो बिजली कर्मचारी ने पेट्रोल पंप की लाइन काटी

**हापुड़ (एजेंसी)।** यूपी के हापुड़ से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक बिजली कर्मचारी ने एक पेट्रोल पंप की बिजली इसलिए गुल कर दी क्योंकि जब वह पेट्रोल भरवाने पेट्रोल पंप पर गया तो कर्मचारी ने हेलमेट के बिना उसे पेट्रोल नहीं दिया। यूपी के हापुड़ से बिजली कर्मचारी की मनमानी का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। हापुड़ के पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के परतापुर रोड पर स्थित भारत पेट्रोलियम के एक पेट्रोल पंप पर बिजली कर्मचारी और पेट्रोल पंप कर्मियों में विवाद हो गया। विवाद की वजह जिलाधिकारी का वह आदेश बना, जिसके चलते बिना हेलमेट



के किसी भी दो पहिया वाहन को पेट्रोल न देने के निर्देश जारी हुए हैं। मामला 13 जनवरी का है, जब बिना हेलमेट पेट्रोल पंप पर पहुंचे बिजली कर्मी को पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने पेट्रोल देने से मना कर दिया। दोनों में कुछ देर विवाद हुआ लेकिन पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने बिना हेलमेट के पेट्रोल देने से मना कर दिया। इसके बाद बिजली कर्मचारी ने नाराज होकर पेट्रोल पंप के पास स्थित एक खंभे पर चढ़कर पेट्रोल पंप की ही लाइन काट दी। पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में स्थित इस पेट्रोल पंप की बिजली काटते ही सारा कामकाज ठप हो गया और इसके बाद पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने अपने मालिक को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद उच्च अधिकारियों द्वारा हस्तक्षेप करने के बाद बिजली कर्मचारी ने अपनी गलती मानते हुए लाइन को वापस जोड़ दिया।

### जोगिनहाई टोल प्लाजा के पास मार्बल लोड ट्रक ने पीछे से मारी टक्कर

# यात्रियों से भरी बस पलटी, 7 यात्री घायल





**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा में बुधवार की शाम रीवा से हनुमना जा रही एक बस को जोगिनहाई टोल प्लाजा के करीब मार्बल से लोड ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। इसके बाद बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस सड़क हादसे में लगभग 7 यात्री घायल हुए हैं।

बताया गया कि बस में कुल 50 यात्री सवार थे, जिन्हें मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल रवाना किया गया है। मामले के संबंध में जानकारी देते हुए डीएसपी हिमाली पाठक ने बताया कि रीवा से हनुमना की ओर जा रही बस को टोल प्लाजा के करीब मार्बल लोड ट्रक के द्वारा पीछे से ठोकर मार दी गई। इस दौरान ट्रक के चालक ने बस को बचाने का प्रयास किया, लेकिन ट्रक में मार्बल लोड होने के कारण ब्रेक नहीं लग पाया। जिसके चलते ट्रक बस से जा टकराया। डीएसपी के मुताबिक बस के यात्रियों को आंशिक चोट आई हैं। जिन्हें रायपुर कर्चुलियान पुलिस ने इलाज के लिए संजय गांधी अस्पताल रवाना किया है। पूरे मामले में आरोपी ट्रक चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है। जहां आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## उमरी विपणन केंद्र में दुर्गंध से ग्रामीण परेशान



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** ज़िले के बैकुंठपुर से करीब 4 किलोमीटर दूर ग्राम उमरी विपणन केंद्र कैंप में खुले में पड़ी धान से आ रही भयंकर दुर्गंध से ग्रामीणों का सांस लेना भी दूभर हो गया है। यहां नागरिक आपूर्ति निगम की लापरवाही से सड़न ले रही धान का उठाव नहीं हो पा रहा है। जिससे अब आसपास के रहवासी परेशान हो रहे हैं। राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित सिरमौर के उमरी केंद्र अंतर्गत दर्जनों गांव, ग्राम उमरी, भेड़रहा, गहनौउआ, बैकुंठपुर, बरओं, बदरांव, तिव रियान के सैकड़ों किसान कार्यालय काउंटर पर पहुंच गए और टोकन के हिसाब से यूरिया डीएपी खाद लेने के उपरांत अजीब सी दुर्गंध से परेशान हो गए। बतादें कि रविवार को हल्की बरसात के बाद 3 साल से खराब पड़ी धान की बदबू यहां और बढ़ गई है। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में कतार पर लगे किसानों को सांस लेने में भी बड़ी मुश्किलें हो रही थी। वहीं ज़िम्मेदारों की लापरवाही इस कदर है कि दुर्गंध के बाद भी उठाव नहीं हो रहा है। हज़ारों बोरी सरकारी धान यहां डंप है जिस पर प्रशासन को लाखों का नुकसान हुआ है।

## सफेद बाघ शावक को लाया गया मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी एण्ड जू मुकुंदपुर में एक सफेद बाघ शावक को लाया गया है। यह शावक पाँच महीने का है। इसे अभी जू के क्वारंटाइन बाड़े में रखा गया है। व्हाइट टाइगर सफारी में अभी तीन सफेद बाघ रघु, टीपू और सोनम हैं। नए सफेद बाघ के आने के बाद इनकी संख्या 4 हो गई है। सफेद बाघ शावक को गांधी प्राणी उद्यान ग्वालियर से लाया गया है। वहीं मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी से दो मादा सांभर गांधी प्राणी उद्यान ग्वालियर को दिए गए हैं। यह एक्सचेंज प्रोग्राम केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण से मिली अनुमति के बाद किया गया है। एक्सचेंज प्रोग्राम का कार्य मुख्य वन संरक्षक राजेश राय, वन मण्डलाधिकारी सतना मयंक चांदीवाल के निर्देशन एवं संचालक सूरज सिंह सेन्द्राम के नेतृत्व में किया गया। वन्य प्राणी चिकित्सक नितिन गुप्ता, क्यूरेटर रंजन सिंह परिहार, वनरक्षक लोके दुबे, अखिलेश मिश्रा एवं प्रकाश मिश्रा द्वारा ट्रान्लोकेशन का कार्य किया गया।

## कुत्ते को डायल-100 वाहन से कुचलने का सामने आया वीडियो, एसपी ने बैठाई जांच, आरोपियों से होगी पूछताछ

### रीवा में एनीमल लवर ने जताया विरोध



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा में एक डायल-100 कुत्ते को रौंदते हुए निकल गई। घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हो गई है। बुधवार को इसका वीडियो वायरल हुआ। एनिमल और डॉग लवर ने घटना पर कड़ा विरोध जताया है। वह ऐसा करने वाले पुलिसकर्मियों पर जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। एसपी ने मामले को बढ़ता देख जांच के निर्देश दिए हैं।

हालांकि डायल-100 में बैठे पुलिसकर्मी कौन हैं उसकी पहचान नहीं हो सकी है।

घटना दूध मंडी के पास एक गली में 14 जनवरी तड़के 4 बजे की है। वीडियो में एक कुत्ता सड़क पर सोते हुए दिख रहा है। गली में सामने से डायल-100 आती है और वह उस पर चढ़ते हुए चली जाती है। गाड़ी ऊपर से चढ़ने के बाद कुत्ता कराहता देखा जा सकता है।

**पुलिस की संवेदनशीलता पर सवाल:** डॉग और एनिमल लवर अंकित सिंह ने कहा कि जिस तरह से पुलिस की गाड़ी डॉग को कुचलते हुए आगे निकल गई, बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसी घटनाओं की वजह से पुलिस पर संवेदनहीन होने का ठप्पा लग जाता है। कड़ाके की ठंड के मौसम में जब बेजुबान जानवर वैसे ही मशक्कत कर रहे हैं, उस समय पुलिस की गाड़ी उनको कुचल रही है।

**एसपी ने दिए जांच के निर्देश:** मामला सामने आने के बाद एसपी विवेक सिंह ने बताया कि यह घटना जानबूझकर की गई या फिर अनजाने में हुई, इसकी जांच की जा रही है। हालांकि गाड़ी थोड़ी देर के लिए रुकी थी, लेकिन शायद पुलिसकर्मी समझ नहीं पाए की डॉग जख्मी हो गया है। घटना दुखद है, जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी, पुलिसकर्मियों से पूछताछ की जाएगी।

## दंपति के साथ मेले में उपद्रवियों ने की मारपीट और अभद्रता



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा में मकर संक्रांति के मेले में उपद्रवियों ने दंपति को शिकार बना लिया। पति के साथ आरोपियों ने जमकर मारपीट की बीच बचाव करने आई पत्नी के साथ भी आरोपियों ने अभद्रता की। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर तत्काल विवाद को शांत कराया। घटना ज़िले के जानेह थाने के तुरका दोंदर गांव की बताई जा रही है। यहां पर मकर संक्रांति के अवसर पर एक दिन पूर्व मेला लगा हुआ था। मेले में शामिल होने के लिए दंपति आए थे जहां पर पति का कुछ उपद्रवियों से विवाद हो गया इस बात को लेकर आधा दर्जन लोगों ने पति के साथ जमकर मारपीट की। पति को पिटता देख पत्नी बीच बचाव करने आई तो आरोपियों ने उसके साथ भी धक्का-मुक्की की। घटना से काफी देर तक मेला परिसर में हंगामा मचा रहा। बाद में स्थानीय लोगों ने बीच बचाव कर विवाद को शांत कराया। घटना की शिकायत अभी तक थाने में दर्ज नहीं करवाई गई है। हालांकि मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में तेज़ी से वायरल हो रहा है।

## नल जल योजना व जल जीवन मिशन के कार्यों की हुई समीक्षा



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मनगवां विधायक इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति एवं अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी की उपस्थिति में मनगवां विधानसभा क्षेत्र में नल जल योजना व जल जीवन मिशन अन्तर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में विधायक इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि घर-घर जल पहुंचाने का कार्य प्रधानमंत्री जी का प्राथमिकता का कार्य है इसमें मनगवां विधानसभा क्षेत्र के शामिल ग्रामों में कार्य शीघ्रता से गुणवत्ता पूर्ण करायें। उन्होंने टंकियों के निर्माण सहित पाइपलाइन डालने के कार्यों की समीक्षा की। घरेलू नल जल योजना के तहत जो बसाहटें छूट गई है उन्हें शामिल करते हुए पूर्ण योजनाओं को ग्राम पंचायतों के हस्तांतरित करने के निर्देश दिये गये। बैठक में विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत नईगढ़ी, गंगेव व सिरमौर विकासखण्ड में स्थापित हैण्डपंपों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि शासकीय हैण्डपंप में यदि अशासकीय व्यक्ति द्वारा मोटर डालकर चलाने की शिकायत हो तो कार्यवाही की जाय। बैठक में बताया गया कि हैण्डपंप निर्माण के लिये उपयोग में आने वाले वाहन में जीपीएस सिस्टम स्थापित किये गये हैं। जिसके माध्यम से मानीटरिंग की जाती है। विधायक ने कहा कि सुधार के लिये पर्याप्त मात्रा में सामग्री की उपलब्धता रहे। बैठक में कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय, महाप्रबंधक जल निगम चित्रांशु उपाध्याय सहित सहायक यंत्री व उपयंत्री उपस्थित रहे।

### खुलेआम बिक रहे नशे पर एसपी ने लिया संज्ञान

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** ज़िले के बैकुंठपुर कस्बे में खुलेआम नशे के कारोबार का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। वीडियो एक जनरल स्टोर का बताया जा रहा है। जिसमें बुजुर्ग सहित महिला और युवक नशीली सिरप और नशे में प्रयुक्त होने वाली टैबलेट की बिक्री करते नज़र आ रहे हैं। इस वायरल वीडियो को एसपी ने संज्ञान में लिया है और कारवाई की बात कही है। उन्होंने कहा है कि उक्त वीडियो की जांच करा कर नशे का सामान बिक्री करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कारवाई की जाएगी।

### नीम चौराहा में नगर निगम द्वारा आज लगाया जायेगा शिविर

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत रीवा नगर निगम क्षेत्र में जनकल्याण शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आमजनता को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस संबंध में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने बताया कि 16 जनवरी को वार्ड क्रमांक 7 और 8 के लिए नीम चौराहा मंदिर परिसर में जनकल्याण शिविर लगाया जा रहा है। आमजनता से शिविर से लाभ उठाने की अपील की गई है।

### सतना - बेला तिराहे के सुधार कार्य के लिये मौके पर निरीक्षण

## पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरा करने के कमिश्नर ने दिये निर्देश




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा संभाग के कमिश्नर बी.एस. जामोद ने संभाग में विभिन्न निर्माण एजेंसियों द्वारा स्वीकृत सड़क निर्माण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सड़क निर्माण के सभी कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरा किया जाना सुनिश्चित करायें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता की लैब टेधस्टग भी करें।

कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर ने लोक निर्माण विभाग द्वारा संभागान्तर्गत जिलों में कराये जा रहे सड़क निर्माण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विभागीय समन्वय से निर्माण में आ रहे व्यवधान को दूर करें। वन विभाग से जिन सड़कों के लिये अनापत्ति या अन्य औपचारिकता करानी होगी उसकी सूची दें ताकि वन विभाग के साथ बैठक कर उसका निराकरण कराया जा सके। कमिश्नर ने निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी स्वीकृत कार्य चालू हालत में रहें तथा कार्य न करने वाले व कार्य में धीमी प्रगति लाने वाली निर्माण एजेंसियों के विरूद्ध कार्यवाही भी प्रस्तावित करें। कमिश्नर ने कहा कि वह स्वयं भी सड़क निर्माण कार्यों का मौके पर जाकर औचक निरीक्षण करेंगे। उन्होंने सतना-बेला तिराहे के सुधार कार्य शेष रहने पर राष्ट्रीय राजमार्ग व एसएचएआई के अधिकारियों को बैठक से भेजकर निरीक्षण करने तथा कार्य को पूर्ण करने के लिये निर्देशित किया।

बैठक में कमिश्नर ने निपनिया तिराहा से तमरा होकर मुकुंदपुर तक पहुंचमार्ग एवं क्योंटी जनकहाई मार्ग पनियारी घाट निर्माण कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने रीवा से सीधी मार्ग को चौड़ीकरण किये जाने तथा सीधी से सिंगरौली मार्ग की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। सतना मैहर वायपास के फोरलेन उन्नयन कार्य तथा ग्रामीण क्षेत्रों के सड़क निर्माण की विस्तार से समीक्षा की गई। कमिश्नर ने बेला-सिलपरा मार्ग की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि निर्मित सड़कों को राजस्व अभिलेखों व नक्शे में दर्ज कराने की कार्यवाही की जाय। बैठक में लोक निर्माण विभाग, नेशनल हाइवे, एनएचएआई, एमपीआरडीसी तथा मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विभाग अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों की कार्यवार समीक्षा की गई। इस दौरान संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग संजय खाण्डे सहित संबंधित विभागों के कार्यपालन यंत्री उपस्थित रहे।

## स्वामित्व योजना के तहत पट्टा वितरण कार्यक्रम 18 जनवरी को

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा स्वामित्व योजना का केन्द्र स्तरीय कार्यक्रम 18 जनवरी को दोपहर 12.30 बजे से आयोजित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस कार्यक्रम में वीडियो कान्फ्रेंसिंग से स्वामित्व योजना के चयनित लाभर्थियों से संवाद करने के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से पट्टों का वितरण करेंगे। इस संबंध में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर निगम टाउन हाल में आयोजित किया जाएगा। योजना के तहत जिले में पात्र हितग्राहियों को भूमि स्वामी अधिकार अभिलेखों का वितरण सांसद, विधायकगण तथा अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी तथा सहायक नोडल अधिकारी प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेखक श्रेयस गोखले को बनाया गया है। कलेक्टर ने जिला, विकासखण्ड तथा ग्राम स्तर में आयोजित होने वाले स्वामित्व योजना के कार्यक्रम के संबंध में सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।

## समिति प्रबंधकों व कम्प्यूटर आपरेटरर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किया

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने धान उपार्जन कार्य में लापरवाही बरतने वाले समिति प्रबंधकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही उपार्जन पोर्टल में सही मात्रा में इन्ट्री न करने पर कम्प्यूटर आपरेटर्स को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। समिति प्रबंधक/केन्द्र प्रभारी सेवा सहकारी समिति सोहागी क्रमांक एक, जवा क्रमांक एक एवं दो, मझगवां क्रमांक एक, भमरा क्रमांक एक, बांस क्रमांक दो के समिति प्रबंधकों को धान का स्टाक कम होने, बारदानों की उपलब्धता न होने तथा धान की बोरियों में स्टेंसिल, छापा न लगे होने व किसान कोड अंकित न होने जैसी लापरवाहियाँ बरतने पर कारण बताओ नोटिस दिया गया है। इसी प्रकार कम्प्यूटर आपरेटर सेवा सकहारी समिति बांस क्रमांक दो सुनीता पटेल एवं समिति मझगवां क्रमांक एक के कम्प्यूटर आपरेटर दीपक कुमार तिवारी को भी कलेक्टर द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## आयुष्मान भारत योजना के हितग्राहियों को सुगम तरीके से हितलाभ करें

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्देश दिए हैं कि आयुष्मान भारत योजना के हितग्राहियों को सुगम तरीके से हितलाभ सुनिश्चित किया जाये। उन्हें अनावश्यक तकलीफ़ों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करती है और यह एक वरदान है। इसके विधिवत् क्रियान्वयन के लिए सतत निगरानी रखें। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने उप स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के उन्नयन और सशक्तीकरण कार्यों की समीक्षा की और समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। सीईओ आयुष्मान भारत योजना और संचालक (प्रोजेक्ट) स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग डॉ. योगेश भरसट ने उप मुख्यमंत्री को अद्यतन स्थिति से अवगत कराया।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में अब तक 4 करोड़ 20 लाख हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं और 38 लाख से अधिक उपचार सेवाओं से हितग्राही लाभान्वित हुए हैं। वहीं, 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड (वयवंदना कार्ड) की प्रगति में मध्यप्रदेश शीर्ष पर है। अब तक मध्यप्रदेश में 12,11,527 वयवंदना कार्ड वितरित किए गए हैं। उज्जैन जिले में 68,573, इंदौर में 65,505, बालाघाट में 50,405, राजगढ़ में 44,560 और छिंदवाड़ा में 41,687 कार्ड वितरित किए गए हैं।

### उप मुख्यमंत्री ने नर्सिंग प्रवेश परीक्षा और विभागीय विषयों की समीक्षा की

## योग्य अभ्यर्थियों को समय पर मिले प्रवेश



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नर्सिंग प्रवेश परीक्षा में 12वीं में हिंदी विषय न पढ़ने वाले अभ्यर्थियों के चयन में आई विसंगतियों का संज्ञान लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि इंडियन नर्सिंग काउंसिल के मानकों के अनुरूप आवश्यक प्रावधान कर इस समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि योग्य अभ्यर्थियों को समय पर प्रवेश मिल सके। उन्होंने फार्मेसी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को सरल और सुविधाजनक बनाने के लिए फार्मेसी काउंसिल के नियमों में आवश्यक सुधार करने के निर्देश भी दिए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में विभागीय विषयों की समीक्षा की।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन आयोग और लोक सेवा आयोग के माध्यम से चल रही विभागीय भर्ती प्रक्रियाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कैबिनेट स्वीकृत पदों की भर्ती की कार्यवाही निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। साथ ही कैबिनेट अनुमोदन के लिए मेडिकल कॉलेजों में पे-प्रोटेक्शन का प्रावधान, तीन नवीन जिला चिकित्सालयों में पदों की स्वीकृति के प्रस्ताव की औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण करने के लिये कहा। राज्य मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा नरेन्द्र शिवाजी पटेल, प्रमुख सचिव संदीप यादव, आयुक्त स्वास्थ्य तरुण राठी, रजिस्ट्रार मध्यप्रदेश नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल के.के. रावत सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## देवतालाब में रोजगार मेला 17 को

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मऊगंज जिले के शासकीय महाविद्यालय देवतालाब में 17 जनवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया गया है। रोजगार मेला युवा संगम कार्यक्रम के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 6 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों हेतु युवक एवं युवतियों की आयु सीमा 18 से 48 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। आयु सीमा विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग होगी। वेतन एवं भत्ते 8 हजार रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है।

## नजूल भूमि निर्वर्तन समिति की बैठक



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कमिश्नर बीएस जामोद की अध्यक्षता में नजूल भूमि निर्वर्तन समिति की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान कलेक्टर प्रतिभा पाल एवं अपर आयुक्त नीतू माथूर भी उपस्थित रहे। बैठक में जल जीवन मिशन अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में बनाई जाने वाली टंकियों के निर्माण हेतु भूमि उपलब्धता की अनुमति प्रदान की गई। कमिश्नर ने कहा कि शासकीय अधोसंरचना निर्माण के लिये निजी भूमि से रास्ते के लिये भूमि हेतु सहमति करायें। इस दौरान संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# डोल, ददरीकला एवं समरदह में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत शिविर आयोजित

## हमारी डबल इंजन की सरकार योजनाओं से वंचितों एवं गरीबों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध: विश्वामित्र पाठक





**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं से लाभान्वित करने की मंशा से प्रदेश के संवेदनशील यशस्वी मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के द्वारा ''मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान'' प्रारंभ किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के हर पात्र हितग्राही को योजनाओं से लाभान्वित कराना है। हमारी डबल इंजन की सरकार योजनाओं से वंचितों एवं गरीबों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उक्त आशय के विचार श्री विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल ने जनपद पंचायत सिहावल के ग्राम पंचायत डोल, ददरीकला एवं समरदह में आयोजित मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर व्यक्त किए। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं कन्यापूजन कर विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विभागीय अधिकारियों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में शामिल योजनाओं एवं प्रदाय की जाने वाली सेवाओं से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक श्री विश्वामित्र पाठक ने अपने उद्बोधन में उपस्थित जन समुदाय को महत्वपूर्ण योजनाओं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाडली बहना योजना, लाडली लक्ष्मी योजना, आयुष्मान योजना, संबल योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, पेंशन योजनाओं, किसान क्रेडिट कार्ड, नक्शा खसरा खतौनी की प्रतिलिपि सहित विभिन्न विभागों में संचालित 45 हितग्राहीमूलक योजनाओं एवं 63 सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए आगे आकर पात्रतानुसार आवेदन कर लाभ लेने का आग्रह किया। मुख्य अतिथि ने अधिकारियों से शिविर में प्राप्त आवेदन पत्रों का तत्परता से निराकरण करने के लिए कहा। शिविर में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, लाडली लक्ष्मी योजना के प्रमाणपत्र एवं आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। विधायक ने ग्राम पंचायत समरदह में आदिवासी विभूतियों भगवान विरसा मुंडा, शंकर शाह एवं रघुनाथ शाह की प्रतिमा स्थापित कराने की बात कही।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से विमला सिंह सरपंच डोल, रामगोविन्द सिंह सरपंच ददरीकला, प्रबोधिनी गुप्ता सरपंच समरदह, एस.पी. मिश्रा एसडीएम सिहावल, पुष्पेंद्र पांडेय, सी पी त्रिपाठी तहसीलदार, राकेश सिंह बैस टी आई, डॉ अमित वर्मा एमओ बहरी, अतुल मिश्रा एसडीओ आरईएस, अशोक शुक्ला, श्यामलाल यादव, नीरज सिंह, छैल बिहारी द्विवेदी, पुष्पराज सिंह, श्यामसुंदर सिंह, महेश प्रजापति, दिलीप सोनी, जयप्रकाश पाण्डेय, सुभाकर द्विवेदी, योगेंद्रनाथ पाठक, इंद्रभान सिंह, उदयराज सिंह, विष्णु प्रधान, हिंछलाल शाहू, विष्णुबहादुर सिंह, सरोज साकेत सहित विकासखंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी, वरिष्ठजन, हितग्राही बंधु उपस्थित रहे।

## भाजपा के नए जिलाध्यक्ष का स्वागत

### सुंदरलाल शाह को मिली कमान, कहा- बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करेंगे



**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली (निप्र)।** सिंगरौली में भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुंदरलाल शाह का बुधवार को बैढ़न स्थित जिला कार्यालय में स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं और अंग वस्त्र से अभिनंदन किया।

सुंदरलाल शाह ने कहा कि विश्वास नहीं था कि यह जिम्मेदारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस दायित्व का निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। शाह ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, देवसर विधायक राजेंद्र मेश्राम, निवर्तमान जिला अध्यक्ष राम सिमरन गुप्ता, पूर्व विधायक राम लल्लू वैश्य और सुभाष वर्मा की उपस्थिति रही। इसके अलावा नगर निगम अध्यक्ष देवेश पांडे, सिंगरौली विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष दिलीप शाह और जिला पंचायत उपाध्यक्ष अर्चना सिंह सहित अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे।

### सीजेरियन से जन्म लेने वाले नवजात में मलद्वार नहीं

## मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों पर आरोप, परिजन बोले- बच्चे की उचित जांच नहीं की



**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** अनूपपुर मेडिकल कॉलेज में बदरा निवासी प्रसूता के परिजनों ने सीजेरियन से जन्मे बच्चे के इलाज में डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। तीन दिन पहले सुधीर चौधरी की पत्नी अंजली (32) का सीजेरियन ऑपरेशन हुआ था।

परिजनों का आरोप है कि सीजेरियन से जन्मे बच्चे में मलद्वार नहीं होने की गंभीर समस्या को डॉक्टरों ने नजरअंदाज किया। बच्चे के जन्म के बाद न तो डॉक्टरों और न ही नर्सिंग स्टाफने बच्चे की उचित जांच की है।

**अस्पताल स्टाफ पर अनदेखी का आरोप:** परिजनों ने जब बच्चे के मल-मूत्र त्याग न करने की शिकायत की, तो स्टाफने इसे गंभीरता से नहीं लिया। दो दिनों तक बच्चे की स्थिति बिगड़ती गई और पेट फूलने लगा। जब आईसीयू में भर्ती कर जांच की गई, तब जाकर पता चला, बच्चे में मलद्वार विकसित ही नहीं हुआ है।

नवजात के पिता चौधरी का कहना है कि समय पर समस्या का पता चल जाता, तो बच्चे की हालत बिगड़ने से पहले ही जबलपुर ले जाकर उचित इलाज करा सकते थे। अस्पताल प्रशासन ने लापरवाही स्वीकार करते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया है। फिलहाल, बच्चे को गंभीर अवस्था में जबलपुर रेफर कर दिया गया है।

डॉ. नागेंद्र सिंह, अधीक्षक मेडिकल कॉलेज ने बताया कि कभी-कभार कुछ नवजातों में ऐसी शारीरिक विकृतियां हो जाती हैं। प्रसव के बाद पूरी तरह से परीक्षण किया जाए। इस मामले में ऐसा नहीं हुआ, तो जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जवाबदार नर्सिंग स्टाफऔर डॉक्टर के खिलाफकार्रवाई करेंगे।

### ट्रक की टक्कर से कारसवार 8 लोग घायल

## तीन महिलाओं की हालत गंभीर, कुंभ से लौट रहा था परिवार



**मीडिया ऑडीटर, पन्ना (निप्र)।** पन्ना-सतना नेशनल हाईवे- 39 पर बहेरा के पास बुधवार दोपहर 12 बजे एक ट्रक ने प्रयागराज कुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार एक ही परिवार के 8 लोग घायल हो गए। इनमें तीन महिलाओं की स्थिति गंभीर है।

छतरपुर जिले के बकस्वाहा के रहने वाले ये श्रद्धालु कुंभ में स्नान कर घर लौट रहे थे। हादसे के बाद ट्रक छोड़कर ड्राइवर फरार हो गया।

राहगीरों की मदद से कार में फंसे सभी यात्रियों को बाहर निकाला गया और 108 एंबुलेंस की सहायता से पन्ना के जिला अस्पताल भेजा गया। अभी दो घायलों कुसुम रानी (40) और सुमन (45) के नाम पता चले हैं। पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश कर रही है।

## सात लोगों ने दो युवकों को लाठी-डंडों से पीटा

### सीधी के पूजा पार्क में दिनदहाड़े गुंडागर्दी, सामने आया वीडियो

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीधी के पूजा पार्क में मंगलवार शाम को हुई मारपीट का वीडियो सामने आया है। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत विकसित इस पार्क में शाम 5 बजे के आसपास 7 लोगों ने दो युवकों को लाठी-डंडों से पीटा।

घटना के समय पार्क में सैकड़ों लोग मौजूद थे। कुछ लोगों ने बीच-बचाव कर दोनों पक्षों को अलग किया। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि आरोपी, युवक को लाठी-डंडों के अलावा लात-घूंसों से बुरी तरह पीट रहे हैं।






**टीआई बोले- अभी तक शिकायत नहीं मिली:** कोतवाली थाना प्रभारी अभिषेक उपाध्याय ने बताया कि मारपीट का वीडियो उनके संज्ञान में आया है। हालांकि, अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। मारपीट की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। पूजा पार्क शहर का प्रमुख सार्वजनिक स्थल है, जहां रोजाना शाम को बड़ी संख्या में लोग टहलने और मनोरंजन के लिए आते हैं। इस तरह की घटना से पार्क की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं।

### अतिक्रमण हटाओ अभियान में बड़ी लापरवाही

## हरपालपुर में बिना नोटिस मकान तोड़ने का आरोप, कांग्रेस ने नगर परिषद का किया घेराव





**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर के हरपालपुर नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान नगर परिषद की कार्रवाई से विवाद खड़ा हो गया है। कलेक्टर के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में नगर परिषद ने लहचूरा रोड और हरीहर रोड पर स्थित कई मकानों को बुलडोजर से क्षतिग्रस्त कर दिया।

पीड़ित परिवारों का आरोप है कि उन्हें बिना किसी पूर्व सूचना या नोटिस के यह कार्रवाई की गई। इतना ही नहीं, कार्रवाई में भेदभाव भी बरता गया। इस मामले में बुधवार को महाराजपुर के पूर्व विधायक नीरज दीक्षित के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर परिषद कार्यालय का घेराव किया।

**नगर परिषद ने गाइडलाइन्स का पालन नहीं किया:** नीरज दीक्षित ने बताया कि 10 जनवरी को शुरू हुए इस अभियान में नगर परिषद ने शासन की गाइडलाइन्स का पालन नहीं किया। जहां सिर्फ सड़क किनारे के टीन शेड हटाने थे, वहां प्रशासन ने कई लोगों के घरों की दीवारें तक तोड़ दीं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जिन मकानों को 10 जनवरी को तोड़ा गया, उन्हें नोटिस 12 और 13 जनवरी को दिए गए।

**कार्यकर्ताओं ने आंदोलन करने की चेतावनी दी:** कांग्रेस नेताओं ने इस मनमानी कार्रवाई के विरोध में नगर परिषद को ज्ञापन सौंपा है। साथ ही अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। जिला प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सीएमओ को तत्काल प्रभाव से कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। कांग्रेसियों ने मामले पर हल न निकलने की स्थिति में आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

## प्रशासन ने हटाया अतिक्रमण

### छत्रसाल चौराहे से पन्ना नाका तक जेसीबी से तोड़ी दुकानें और चबूतरे



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर में बुधवार की देर शाम प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पन्ना रोड पर अवैध अतिक्रमण को हटाया। एसडीएम अखिल राठौर के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में नगर पालिका सीएमओ माधुरी शर्मा, नगर पालिका कर्मचारी और सिविल लाइन थाना पुलिस बल मौजूद रहा।

कार्रवाई छत्रसाल चौराहे से पन्ना नाका तक की गई, जहां श्रब्ठ की मदद से सड़क किनारे अवैध रूप से बनी दुकानों और चबूतरों को हटाया गया। कई दुकानदारों ने स्वयं अपना सामान हटा लिया, जबकि कुछ के विरोध के बाद बुलडोजर का इस्तेमाल करना पड़ा।

एसडीएम अखिल राठौर ने बताया कि शहर में पिछले कुछ दिनों से अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। इससे पहले राजनगर रोड पर भी ऐसी ही कार्रवाई की गई थी। उन्होंने कहा कि आगे भी शहर के अन्य मार्गों से अतिक्रमण हटाया जाएगा।

प्रशासन का मुख्य उद्देश्य शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराना है। एसडीएम ने सभी दुकानदारों से अपील की है कि वे अपनी सीमित जगह में ही व्यवसाय करें और सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें। उन्होंने बताया कि सड़कों पर अवैध कब्जे के कारण आवागमन और पार्किंग में गंभीर समस्याएं हो रही थीं, जिसके चलते यह कार्रवाई आवश्यक थी।

## जैतहरी के वेंकटनगर हाईस्कूल में चोरी का कुछ सामान जब्त



**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर (निप्र)।** अनूपपुर के जैतहरी थाना क्षेत्र के वेंकटनगर स्थित शासकीय हाई स्कूल मुण्डा में हुई चोरी का कुछ सामान पुलिस ने बरामद कर लिया है। 13 जनवरी की रात अज्ञात चोरों ने स्कूल का ताला तोड़कर लाखों रुपए का सामान चोरी कर लिया था। पुलिस ने डॉग स्क्वायड की मदद से जंगल की तलाशी ली, जहां करीब 2 किलोमीटर अंदर पत्थरों के बीच एक बोरी में रखा चोरी का सामान मिला।

**एम्पलीफायर, सीपीयू और मॉनिटर बरामद:** बरामद सामान में एम्पलीफायर, सीपीयू और 2 मॉनिटर शामिल हैं, जिनकी कीमत लगभग 40 हजार रुपए आंकी गई है। स्कूल के प्रभारी प्राचार्य संतराम प्रजापति ने बताया कि चोरों ने कंप्यूटर सेट, एलईडी टीवी, सीसीटीवी कैमरा, बायोमैट्रिक मशीन, इंडक्शन, 5 सीलिंग फैन, एक टैबलेट, लैमिनेटर मशीन और बिजली फिटिंग का सामान समेत करीब डेढ़ लाख रुपए का सामान चुराया था।

**मंगलवार सुबह टूटा ताला देखकर हुई चोरी की पुष्टि:** चोरी का पता मंगलवार सुबह चला, जब स्कूल का स्टाफ विद्यालय खोलने आया और उसने गेट का ताला टूटा हुआ पाया। प्राचार्य ने बताया कि इससे पहले भी स्कूल में चोरी की वारदात हो चुकी है। पिछली चोरी में सबमर्सिबल पंप, ट्यूबलाइट, बिजली के तार, गैस सिलेंडर और मध्याह्न भोजन के बर्तन चोरी हुए थे। पिछली शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई न होने से चोरों के हौसले बुलंद हुए और उन्होंने फिर से चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस बाकी सामान की तलाश कर रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली में ''राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन'' कार्यक्रम संपन्न

### जागरूकता ही क्षय रोग का बचाव है: डॉ गीता





**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीधी के संयुक्त निर्देशन में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य टीबी को पूरी तरह से समाप्त करना है।

जिला कार्यक्रम समन्वयक विनोद तिवारी ने बताया कि यह बीमारी माइको बैक्टीरियम ट्यूबर क्लोसिस के कारण जनित होती है, जो फेफड़ों को प्रभावित करती है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ गीता भारती ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह एक राष्ट्रीय महामारी है, प्रतिरोधक क्षमता कम होने वाले व्यक्तियों में इसकी संभावना अत्यधिक होती है। जागरूकता ही इसका मुख्य उपाय है।

कार्यक्रम की समन्वयक अभिलाषा सिंह ने बताया कि थकान, बुखार, खांसी में खून का आना, सीने में दर्द बना रहना, लगातार वजन कम होना इस रोग के प्रमुख लक्षण हैं। महाविद्यालय में 50 विद्यार्थियों की टीबी स्क्रीनिंग की गई। जिसमें दो के सिम्टम्स पॉजिटिव पाए गए।

कार्यक्रम में उमा शंकर गौतम, प्रदीप कुमार पाण्डेय, अश्विनी सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौली एवं महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक, अतिथि विद्वान एवं विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता कर सफल बनाया। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो सुनील सिंह द्वारा किया गया।

## एक दिवसीय अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन 21 को

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिला रोजगार अधिकारी जिला रोजगार कार्यालय ने जानकारी देकर बताया है कि जिले के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के मार्गदर्शन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र आई.टी.आई. एवं जिला रोजगार कार्यालय सीधी द्वारा दिनांक 21 जनवरी 2025 को शासकीय आई.टी.आई. मड़रिया सीधी के परिसर में एक दिवसीय युवा संगम संयुक्त रूप से (रोजगार मेला, स्व-रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले) का आयोजन किया जा रहा है जिसमें देश, प्रदेश एवं स्थानीय स्तर से निजी क्षेत्र की लगभग 06 से 07 कंपनियाँ भाग ले रही हैं। युवा संगम में शामिल होने के लिए समस्त आवेदक लिंक में अपना पंजीयन कर मेले में शामिल हो सकते हैं।

## लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम अंतर्गत कार्यालय स्टॉफ की संविदा आधार पर भर्ती

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वीरेन्द्र जोशी ने जानकारी देकर बताया कि लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम अंतर्गत कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी में 01 पद कार्यालय सहायक/क्लर्क, 01 पद रिसेप्सनिस्ट सह डाटा एन्ट्री आपरेटर एवं 01 पद कार्यालय भृत्य के लिए संविदा आधार पर 01 वर्ष नियुक्ति हेतु आवदेन पत्र 10 फरवरी सायं 05:00 बजे तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय सीधी में आमंत्रित किये गये है। उक्त विज्ञप्ति कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के सूचना पटल पर चस्पा है एवं जिला न्यायालय सीधी के वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

## विचार

# नई दिल्ली विधानसभा सीट पर फंस गए हैं केजरीवाल

आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल भले ही एक बार फिर से दिल्ली का मुख्यमंत्री बनने के लिए चुनाव लड़ रहे हो लेकिन इस बार वह बुरी तरह से फंसते नजर आ रहे हैं। कांग्रेस के मजबूती से दिल्ली में विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारियों ने तो आम आदमी पार्टी सरकार की वापसी पर प्रश्नचिन्ह लगा ही दिया है लेकिन इस त्रिकोणीय लड़ाई में केजरीवाल की अपनी सीट भी फंसती हुई नजर आ रही है।


अरविंद केजरीवाल इस बात को काफी पहले ही समझ गए थे, इसलिए वह लगातार इंडिया गठबंधन की एकता की बात उठाने लग गए थे। यहां तक कि केजरीवाल ने डीएमके सुप्रीमो एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, शरद पवार, अखिलेश यादव और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहित कई नेताओं से राहुल गांधी को समझाने की गुहार भी लगाई। लेकिन अरविंद केजरीवाल की असलियत से वाकिफ राहुल गांधी ने यह साफ कर दिया कि कांग्रेस पार्टी दिल्ली में अपने आप को मजबूत करने के लिए चुनाव लड़ेगी। सीलमपुर की अपनी पहली चुनावी रैली में राहुल गांधी ने जिस अंदाज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ आप मुखिया अरविंद केजरीवाल, पर भी जमकर निशाना साधा,उससे यह साफ हो गया कि राहुल गांधी अपनी पार्टी को समाप्त कर केजरीवाल की मदद कतई नहीं करेंगे।

कांग्रेस के इस स्टैंड ने अरविंद केजरीवाल की विधायकी पर भी तलवार लटका दिया है। केजरीवाल को अब यह डर सताने लगा है कि अब वह अपनी विधानसभा सीट नई दिल्ली से भी चुनाव हार सकते हैं। केजरीवाल के इस डर के पीछे ठोस कारण है। अरविंद केजरीवाल वर्ष 2013 के अपने पहले विधानसभा चुनाव में दिल्ली की तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को नई दिल्ली विधानसभा सीट से चुनाव हराकर, पहले विधायक बने थे और फिर कांग्रेस के ही 8 विधायकों के समर्थन से पहली बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बने थे। बताया तो यहां तक जाता है कि 2013 में शीला दीक्षित को चुनाव हराने के लिए कांग्रेस के कई नेताओं ने भी अरविंद केजरीवाल की मदद की थी। लेकिन दिल्ली में पार्टी को फिर से मजबूत बनाने के मिशन में जुटे राहुल गांधी ने इस बार नई दिल्ली विधानसभा सीट से केजरीवाल के खिलाफ स्वर्गीय शीला दीक्षित के बेटे और पूर्व सांसद संदीप दीक्षित को उतार कर लड़ाई को त्रिकोणीय और दिलचस्प बना दिया है।

# परंपरागत एवं आधुनिक चिकित्सा में समन्वय की जरूरत

**ललित गर्ग**

**एक और नये चीनी वायरस ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के संक्रमण के उपचार को लेकर दुनिया भारत की प्राचीन प्राकृतिक व परंपरागत चिकित्सा पद्धति की ओर आशाभरी निगाहों से देख रही है, क्योंकि मानव इतिहास की सबसे बड़ी एवं भयावह महामारी कोरोना के निदान में भी उसकी भूमिका प्रभावी एवं कारगर रही है। निस्संदेह, आधुनिक चिकित्सा पद्धति ने शोध-अनुसंधान व बड़े पूंजी निवेश के चलते अप्रत्याशित स्वास्थ्य उन्नति एवं चिकित्सा क्रांति की है। बावजूद इसके आधुनिक समय में भी प्राकृतिक व परंपरागत चिकित्सा पद्धतियां असाध्य बीमारियों के लिये कारगर बनी हुई है। भारत ही नहीं, विदेशों में भी भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों की स्वीकार्यता बढ़ी है।**




आयुष मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 2014 में जो आयुष बाजार 2.8 अरब डॉलर था, उसका आकार बीते साल तक 43.4 अरब डॉलर हो गया है। इतना ही नहीं प्राकृतिक चिकित्सा उत्पादों का निर्यात भी दुगना हुआ है। जिससे इस पद्धति की अंतर्राष्ट्रीय स्वीकार्यता का पता चलता है। यानी इन्हें एक पूरक चिकित्सा के रूप में मान्यता मिल रही है। इन स्थितियों को देखते हुए यदि आधुनिक विज्ञान व परंपरागत चिकित्सा पद्धति में समन्वय बने तो मानवता कल्याण का नया रास्ता उद्घाटित होगा।

प्राकृतिक चिकित्सा प्रणाली चिकित्सा की एक रचनात्मक विधि है, जिसका लक्ष्य प्रकृति में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध तत्त्वों के उचित इस्तेमाल द्वारा रोग का मूल कारण समाप्त करना एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना है। यह न केवल एक चिकित्सा पद्धति है बल्कि मानव शरीर में उपस्थित आंतरिक महत्त्वपूर्ण शक्तियों या प्राकृतिक तत्त्वों के अनुरूप एक जीवन-शैली है। यह जीवन कला तथा विज्ञान में एक सम्पूर्ण क्रांति है। इसमें प्राकृतिक भोजन, विशेषकर ताजे फल तथा कच्ची व हलकी पकी सब्जियाँ विभिन्न बीमारियों के इलाज में निर्णायक भूमिका निभाती हैं। योग, ध्यान एवं संतुलित जीवनशैली इस चिकित्सा के आधार है। प्राकृतिक चिकित्सा निर्धन व्यक्तियों एवं गरीब देशों के लिये विशेष रूप से वरदान है। इसीलिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से भारत का जो प्राचीन सेहत का ज्ञान सदियों से हाशिये पर रहा है, उसे पिछले एक दशक में देश-विदेश में व्यापक रूप से प्रतिष्ठापित किया गया है और भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा, आयुर्वेद, योग को दुनिया में फैलाया गया है। भारत में भीषण गरीबी के चलते प्रकृति के सान्निध्य में सेहत के गुर को महसूस करते हुए महात्मा गांधी ने प्राकृतिक व परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों को देश में प्रतिष्ठा दी थी। आज भी उनके अनुयायी पूरे देश में इस मुहिम में जुड़े हुए हैं। जरूरी है कि सदियों के अनुभव से हासिल गुणवत्ता व प्रमाणिकता के परंपरागत ज्ञान और आधुनिक चिकित्सा पद्धति के मध्य तालमेल की कोशिश की जाए।

पारम्परिक एवं पूरक चिकित्सा पर विश्व स्वास्थ्य संगठन-डब्ल्यूएचओ की वैश्विक रिपोर्ट (2019) के अनुसार, दुनिया भर में इस्तेमाल की जा रही पारम्परिक चिकित्सा की विभिन्न प्रणालियों में, एक्यूपंक्चर, हर्बल दवाएँ, स्वदेशी पारम्परिक चिकित्सा, होम्योपैथी, पारम्परिक चीनी चिकित्सा, प्राकृतिक चिकित्सा, कायरोप्रैक्टिक, ऑस्टियोपैथी, आयुर्वेद व यूनानी उपचार शामिल हैं। डब्ल्यूएचओ के 170 सदस्य देशों ने अपनी आबादी द्वारा पारम्परिक चिकित्सा के उपयोग पर रिपोर्ट दी है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) भी, पारम्परिक उपचार प्रणालियों के अध्ययन और अभ्यास में क्रान्ति ला रही है। आयुष शब्द आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा रिग्पा और होम्योपैथी का संक्षिप्त रूप है। इसी आधार पर प्राकृतिक व परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों को आधुनिक समय में प्रासंगिक बनाने के लिये भारत सरकार में आयुष मंत्रालय बना है। इसी मंत्रालय के प्रयासों से जहां आयुष बाजार को विस्तार मिला, वहीं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उपचार में मदद मिली है। इससे रोजगार व उद्यमिता को भी नई ऊंचाइयां मिली हैं। एक ओर जहां आयुर्वेदिक दवाओं के उत्पादन से रोजगार बढ़े हैं, वहीं इसमें प्रयोग की जाने वाली जड़ी-बूटियों, फल और इससे जुड़े जैविक उत्पादों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी संबल मिला है। कमोबेश इसी तरह योग से जुड़ी सामग्री का निर्यात भी तेजी से बढ़ा है। प्रधानमंत्री के प्रयासों से योग, आयुर्वेद, भारतीय खानपान एवं जीवनशैली को वैश्विक मान्यता मिली है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत सरकार की सहभागिता में गत वर्ष भारत के गुजरात प्रदेश के गांधीनगर शहर में प्रथम पारम्परिक चिकित्सा वैश्विक शिखर सम्मेलन आयोजित कर गम्भीर स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने और वैश्विक स्वास्थ्य एवं टिकाऊ विकास में प्रगति को आगे बढ़ाने में, पारम्परिक, पूरक व एकीकृत चिकित्सा की उपयोगिता को स्वीकार करते हुए इसे व्यापक बनाने की अनेक योजनाओं पर सहमति जताई। विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारत सरकार ने आधुनिक विज्ञान एवं टैक्नॉलॉजी के ज़रिये, पारम्परिक औषधि में निहित सम्भावनाओं को साकार करने के इरादे से एक वैश्विक केंद्र स्थापित किये जाने के समझौते पर भी हस्ताक्षर किये और गुजरात राज्य के जामनगर शहर में बनाए जाने वाले इस केंद्र की मदद से आमजन की सेहत में बेहतरी लाने और विश्व के हर क्षेत्र में सम्पर्क व लाभ सुनिश्चित किये जाने की योजना को आकार दिया जाने लगा है।

नये विश्व की विडम्बना है कि तीव्र विकास की छाया में गरीबी का भी विस्तार हुआ है। महंगी होती आधुनिक चिकित्सा पद्धति गरीब की पहुंच से दूर होती जा रही है। सरकारी चिकित्सा तंत्र मरीजों के भारी बोझ से चरमरा रहा है। ऐसे में यदि जीवन शैली में सुधार, सजगता व शारीरिक सक्रियता से लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिले तो किसी को परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसे पूरक चिकित्सा पद्धति के रूप में स्वीकार किया ही जाना चाहिए। यह सुखद है कि हम देर से ही सही, इस दिशा में आगे बढ़े हैं। हमारे आयुर्वेद के उत्पादों को विश्व स्वास्थ्य संगठन की मान्यता मिलना भी एक बड़ी उपलब्धि है। इस दिशा में आधुनिक चिकित्सा के साथ समन्वय स्थापित कर आगे बढ़ने के लिये साझे प्रयास जरूरी हैं। पारम्परिक चिकित्सा उत्पादों और पद्धतियों के शोध का यह उपयुक्त समय है। दुनियाभर में लोग वैकल्पिक निदानों का रुख़ कर रहे हैं। इससे अधिक शोध व अधिक साक्ष्य सामने आ रहे हैं और शोध के परिणाम बेहद आशाजनक दिख रहे हैं। प्राचीन संस्कृतियों द्वारा चिकित्सा हेतु प्राकृतिक संसाधनों के दोहन के अलावा, आधुनिक रोगों से निपटने के लिए पारम्परिक समुदाय-आधारित स्वास्थ्य प्रथाओं का भी अभूतपूर्व महत्व है। चेचक के टीके का विकास इसका एक सशक्त उदाहरण है।

भारत की प्राकृतिक व परंपरागत चिकित्सा पद्धतियां के प्रति बढ़ते आकर्षण एवं रूझान को देखते हुए जरूरी हो जाता है कि हम आयुष उत्पादों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। उनको हम विज्ञान की कसौटी पर भी कसे। भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धति वैश्विक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य समाधान करने में सक्षम एवं कारगर बन रही है तो हमें इस पर व्यापक शोध, अनुसंधान एवं प्रयोग को बल देना चाहिए। दरअसल, भारतीय परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों मसलन आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, योग, सिद्ध आदि पद्धतियों की धारणा रही है कि किसी रोग को दबाने के बजाय उसके कारकों का उपचार किया जाए। पारम्परिक चिकित्सा को पूर्व-वैज्ञानिक युग की पद्धति के रूप में देखा जाता है, जिसका स्थान आधुनिक, बेहतर, विज्ञान-आधारित चिकित्सा ने लिया। हालाँकि, आधुनिक विज्ञान और चिकित्सा का प्रादुर्भाव, पारम्परिक उत्पादों व प्रथाओं से ही हुआ है, जिसका एक लम्बा इतिहास है। आज लगभग 40 प्रतिशत फ़ार्मास्युटिकल उत्पाद, प्रकृति और पारम्परिक ज्ञान से आते हैं, जिनमें कई महत्वपूर्ण दवाएँ शामिल हैं।

# त्रिवेणी तट पर सजा धर्म, संस्कृति, आस्था, आध्यात्म, व आधुनिकता का अद्भुत संगम

**दीपक कुमार त्यागी**

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज की दिव्य धरती पर धर्म-संस्कृति व प्राचीन परंपराओं के अद्भुत संगम से परिपूर्ण दिव्य शहर गंगा यमुना व सरस्वती के संगम तट की रेती पर अब अपना स्वरूप पूरी तरह से ले चुका है। अपनी भव्यता के चलते ही आस्था, धर्म, आध्यात्म व संस्कृति के विशाल संगम का महाकुंभ शुरू होने से पहले ही जबरदस्त चर्चा में आ चुका है। क्योंकि संगम तट पर आधुनिक व प्राचीन के अद्भुत संगम की आस्था और अध्यात्म एक पूरी दुनिया प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में अपनी थीम के ही अनुरूप भव्य-दिव्य व नव्य आकार ले चुकी है। दिन-रात की मेहनत के बाद अब संगम तट की रेती पर बसी एक बड़ी अद्भुत भव्य अनोखी नगरी महाकुंभ के आयोजन के साक्षी बनने आ रहे संत-महात्माओं, श्रद्धालुओं व पर्यटकों का दिल खोलकर के स्वागत करने के लिए तैयार हो गयी है। संगम तट की पूजनीय दिव्य धरा पर संत, महात्माओं, श्रद्धालुओं व पर्यटकों के लिए एक ऐसा भव्य शहर तैयार हो चुका है, जिसको शिल्पकारों ने इस तरह से तराशा है कि धार्मिक आस्था व प्राचीन संस्कृति के साथ-साथ भौतिक सुख साधनों की कामना रखने वाले लोगों के लिए सुविधाएं उपलब्ध की गयी हैं, जिसकी भव्यता देखकर के देखने वाले की आंखें चौंधिया जायेंगी।

हालांकि इस प्राचीन धर्म नगरी प्रयागराज में वर्ष 2019 के कुंभ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में ही भव्य-दिव्य आयोजन 3200 हेक्टेयर के विशाल क्षेत्र में हुआ था। लेकिन वर्ष 2025 में एकबार फिर से महाकुंभ की यह दिव्य नगरी मोदी-योगी के कुशल मार्गदर्शन में एक नया इतिहास रचने जा रही है। जिसके चलते ही इस बार महाकुंभ में आने वाली भारी भीड़ के दृष्टिकोण से कुंभ के मेला क्षेत्र का क्षेत्रफल 4000 हेक्टेयर कर दिया गया है। लंबे समय से चली आ रही तैयारियों के बाद अब वह समय आ गया है जब त्रिवेणी के अद्भुत दिव्य तट पर सनातन धर्म के अनुयायियों का धर्म, आध्यात्म व आस्था के संगम के महाकुंभ का विशाल आयोजन 13 जनवरी शुरू होने वाला है और जोकि 26 फ़रवरी तक चलेगा। जिसको अद्भुत, अलौकिक, दिव्य, भव्य व नव्य स्वरूप प्रदान करने को मोदी व योगी सरकार दृढ़ संकल्पित है।

इस बार के महाकुंभ 2025 के आयोजन के बजट पर एक नज़र डालें तो महाकुंभ के आयोजन के लिए करीब 7,500 करोड़ रुपए का खर्च सामने आ रहा है। जिस में से 2,100 करोड़ रुपए का आवंटन केंद्र सरकार के द्वारा किया है, वहीं उत्तर प्रदेश सरकार ने 5,435.68 करोड़ रुपए का विशाल बजट निर्धारित किया है। जबकि वर्ष 2019 में कुंभ मेले के लिए 4,200 करोड़ रुपए का बजट था। आर्थिक दृष्टिकोण से देखें तो हर कुंभ मेले की तरह ही इस बार भी महाकुंभ का देश की जीडीपी में एक बहुत ही बड़ा योगदान रहने की संभावना है, जिसके चलते ही मेला क्षेत्र छोटे व बड़े व्यापारियों, दुकानदारों आदि को आकर्षित करने का कार्य बखूबी कर रहा है, लोग महाकुंभ क्षेत्र में तरह-तरह का व्यापार करने के लिए उत्साहित हैं।

हालांकि सनातन धर्म संस्कृति व परंपराओं के अनुसार महाकुंभ का यह पूरा समय ही अनुष्ठानों का एक भव्य दिव्य समागम है। जिसमें पूरे समय ही



पूजा पाठ व स्नान आदि मुख्य रूप से होता है, लेकिन इस मेले में कुछ विशेष तिथि पर स्नान करने को बहुत ही शुभ माना जाता है। जिसमें भाग लेने के लिए ही संगम के किनारे करोड़ों संत, महात्मा व तीर्थयात्री एकत्रित होते हैं और उन सभी का अटूट, श्रद्धा व विश्वास होता है कि शाही स्नान के लिए तय तिथियों में संगम के पवित्र जल में स्नान करने से उनका जीवन धन्य हो जाता है, उनको सभी पापों से मुक्ति मिल जाती है और वह स्वयं खुद के साथ-साथ अपने पूर्वजों को भी पुनर्जन्म के जीवन चक्र से मुक्त कर सकते हैं, इसलिए शाही स्नान की तिथि पर कुंभ नगरी में भारी भीड़ रहती है। इस बार महाकुंभ में शाही स्नान की वह विशेष तिथियां हैं –

बहुत सारी विशेषताएं हैं। सरकार ने महाकुंभ-2025 को भव्य, दिव्य और नव्य स्वरूप प्रदान करते हुए अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने का कार्य किया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पूरे महाकुंभ स्थल को एक जनपद का दर्जा दिया गया है और वहां पर जनपद स्तरीय अधिकारियों की पूरी टीम तैनात की गयी है। एक जनपद की तरह ही जरूरी विभिन्न विभागों के कार्यालय सर्किट हाउस और पुलिस लाइन का निर्माण किया गया है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ आने की उम्मीद को देखते हुए इस बार कुंभ क्षेत्र का विस्तार 4000 हेक्टेयर में किया गया है, भारी भीड़ के मद्देनजर महाकुंभ की बसावट में बदलाव किया गया है। इस बार 25 सेक्टर में महाकुंभ नगरी को बसाया गया है। एक सेक्टर से दूसरे सेक्टर जाने के लिए गंगा पर 30 पोंटून पुल बनाये गये हैं।

महाकुंभ में %स्वच्छ भारत मिशन% को अमली जामा पहनाने के लिए स्वच्छता का माडल प्रस्तुत होगा। योगी सरकार ने महाकुंभ को स्वच्छता के माडल के रूप में देश व दुनिया के सामने प्रस्तुत करने के लिए पूरी तैयारी की है। योगी सरकार ने स्वच्छ महाकुंभ के मद्देनजर इस बार 1.5 लाख शौचालय बनाये हैं, मेला क्षेत्र में 25 हज़ार कूड़ेदान लगाए गए हैं, 15 हज़ार स्वच्छता कर्मी तैनात किए हैं, 160 अपशिष्ट प्रबंधन वाहनों का इंतजाम किया है।महाकुंभ को दिव्य व भव्य बनाने के लिए बड़े पैमाने पर मंदिर एवं घाटों का सौंदर्यीकरण किया गया है, 29 मंदिरों का सौंदर्यीकरण किया गया है, 11 कॉरिडोर का विकास किया गया है, 12 किमी अस्थायी घाट का निर्माण किया गया है, 8 किमी रिवर फ्रंट सड़कें बनाई गयी हैं।

# सेंट्रल यूनिवर्सिटी में उपराष्ट्रपति ने मेधावी छात्रों को दिए मेडल

## 11वें दीक्षांत समारोह में 122 शोधार्थी-157 छात्र सम्मानित, कैंपस में लगाए चंदन-रुद्राक्ष के पौधे





**बिलासपुर एजेंसी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बुधवार को गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी बिलासपुर के 11वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। उन्होंने टॉपर छात्रों को मेडल दिए। उनके साथ सीएम विष्णुदेव साय, राज्यपाल रामन डेका सहित अन्य अतिथि भी शामिल रहे।

मंच पर छात्रा मैथिली तिवारी और साहनवी झा को विश्वविद्यालय पदक से नवाजा गया। वहीं, इतिहास विभाग के छात्र प्रभव दुबे को गोल्ड मेडल दिया गया। बता दें कि प्रभव यूनिवर्सिटी का ऐसा छात्र है, जिसने स्नातक में भी गोल्ड मेडल हासिल किया था।

**122 शोधार्थी और 157 मेधावी विद्यार्थी हुए सम्मानित:** समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने यूनिवर्सिटी के 122 शोधार्थी और 157 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। वहीं 5,859 छात्र-छात्राओं को मंच से डिग्री देने की घोषणा की गई। इसके बाद उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने यूनिवर्सिटी कैंपस में चंदन और रुद्राक्ष का पौधा लगाया।

एमए हिस्ट्री ऑनर्स के विश्वविद्यालय गोल्ड मेडल से सम्मानित छात्र प्रभव दुबे ने बताया कि विश्वविद्यालय में लगातार क्लास अटेंड करने के साथ-साथ ऑनलाइन विषयों की पढ़ाई करते थे। विभिन्न विषय की पुस्तकों का अध्ययन करते थे।

इसके पूर्व 2023 में आयोजित विश्वविद्यालय के 10वें दीक्षांत समारोह में बीए हिस्ट्री ऑनर्स विषय में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित हो चुके हैं। हिस्ट्री उनका पसंदीदा विषय है।

समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो.आलोक कुमार चक्रवाल ने किया। बुधवार दोपहर तीन बजे रजत जयंती सभागार में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मेधावियों और शोधार्थियों को स्वर्णमंडित पदक और उपाधि से सम्मानित किया।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात:** सुरक्षा के लिए सोमवार और मंगलवार को सेना के हेलिकाप्टर का लैंडिंग ट्रायल हुआ। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था के लिए 5 आईपीएस, दर्जन भर एएसपी सहित 200 से अधिक जवानों की ड्यूटी लगाई गई थी। उपराष्ट्रपति धनखड़ के लिए 5 हैलीपैड बनाए गए थे। इसमें तीन हैलीपैड ओपन यूनिवर्सिटी के परिसर में और दो सेंट्रल यूनिवर्सिटी में बनाए गए थे।

# देश की रक्षा के लिए समर्पित है 15 जनवरी थल सेना दिवस



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** भारतीय सेना दिवस 15 जनवरी को मनाने के पीछे एक ऐतिहासिक महत्व है। यह दिन फील्ड मार्शल केएम करियप्पा के सम्मान में मनाया जाता है। उन्होंने 15 जनवरी 1949 को भारतीय सेना की कमान संभाली थी। वह भारत के पहले सेना प्रमुख बने थे और उन्होंने देश की स्वतंत्रता के बाद सेना का नेतृत्व किया था। इस दिन का महत्व इस तथ्य में भी निहित है कि यह दिन भारतीय सेना की बहादुरी और बलिदान को याद दिलाता है। यह दिन उन सैनिकों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है, जिन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए हैं। इस वर्ष 2025 में 77 वां भारतीय सेना दिवस पूरे देश में भव्य तरीके से मनाया जा रहा है। जिसमें सैन्य परेड और विभिन्न समारोह आयोजित किए जाएंगे। यह दिन भारतीय सेना की बहादुरी और समर्पण को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

**थल सेना का इतिहास:** भारतीय आर्मी का गठन ईस्ट इंडिया कंपनी ने साल 1776 में कोलकाता में किया था। इस सेना पर देश की आजादी से पहले ब्रिटिश कमांडर का अधिकार था। साल 1947 में जब भारत आजाद हुआ तब भी भारतीय सेना का अध्यक्ष ब्रिटिश मूल का ही होता था। 2 साल बाद यानी साल 1949 में आखिरी ब्रिटिश कमांडर इन चीफ जनरल फ्रांसिस बुचर ने अपना पद छोड़ दिया। 1947 में स्वतन्त्रता मिलने के बाद ब्रिटिश भारतीय सेना को नये बने राष्ट्र भारत और इस्लामी गणराज्य पाकिस्तान की सेवा करने के लिये 2 भागों में बाँट दिया गया। अधिकतर इकाइयों को भारत के पास रखा गया। चार गोरखा सैन्य दलों को ब्रिटिश सेना में स्थानांतरित किया गया जबकि शेष को भारत के लिए भेजा गया।

**15 जनवरी को ही क्यों मनाते हैं सेना दिवस:** आधुनिक भारतीय सेना की शुरुआत 1 अप्रैल 1895 को हुई। उस वक्त इसे भारत को गुलाम बनाने वाली ब्रिटिश कंपनी ईस्ट इंडिया कंपनी ने प्रेसिडेंसी आर्मी के रूप में खड़ा किया था। जिसे बाद में ब्रिटिश भारतीय सेना के नाम से जाना गया। आखिरकार लंबे संघर्ष के बाद देश के आजाद होने के बाद यह भारतीय सेना कही जाने लगी। लेकिन 15 जनवरी 1949 तक इसके कमांडर ब्रिटिश सैन्य अधिकारी जनरल फ्रांसिस बुचर थे। आजादी के बाद 15 जनवरी 1949 को हमें पहले भारतीय सेना प्रमुख मिले. जिनका नाम फील्ड मार्शल केएम करियप्पा था। इसलिए 15 जनवरी को ही भारतीय सेना दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया गया।

**सेना दिवस पर क्या होता है:** भारतीय सेना दिवस के अवसर पर देश भर में विभिन्न समारोह आयोजित किए जाते हैं। जिनमें सैन्य परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सेना के जवानों को सम्मानित करने के कार्यक्रम शामिल हैं। सेना दिवस के मुख्य समारोह का आयोजन दिल्ली के छावनी के करिअप्पा परेड ग्राउंड में होता है, जहां भारतीय सेना के जवान अपनी बहादुरी और अनुशासन का प्रदर्शन करते हैं।

**भारतीय सेना के बारे में कुछ रोचक तथ्य:** प्रथम विश्व युद्ध के दौरान 1.3 मिलियन भारतीय सैनिकों ने ब्रिटिश सेना के लिए लड़ाई लड़ी थी, जिसमें से 74,000 से अधिक सैनिक शहीद हो गए। नई दिल्ली में स्थित इंडिया गेट इन बहादुर सैनिकों की याद में बनाया गया है।भारतीय सेना का इतिहास बहुत पुराना और समृद्ध है, और इसमें कई महत्वपूर्ण घटनाएं और युद्ध शामिल हैं। भारतीय सेना विश्व की सबसे बड़ी स्वयंसेवी सेना है। जिसमें 12 लाख से अधिक सक्रिय सैनिक और 9 लाख आरक्षित सैनिक शामिल हैं। भारतीय सेना दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र, सियाचिन ग्लेशियर को नियंत्रित करती है। जो समुद्र तल से 20,000 फीट से अधिक ऊंचाई पर स्थित हैप्यह गैर-ध्रुवीय क्षेत्रों में दूसरा सबसे लंबा ग्लेशियर भी है। 61वीं कैवेलरी रेजिमेंट भारतीय सेना की सबसे बड़ी घुड़सवार इकाइयों में से एक है और दुनिया की आखिरी सक्रिय और गैर-यंत्रीकृत घुड़सवार इकाइयों में से भी एक है। अनुशासन और युद्ध कौशल के लिए प्रसिद्ध भारतीय सेना विश्व में चौथे स्थान पर आती है। जो केवल अमेरिका, रूस और चीन के बाद है, भारत संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में सबसे अधिक सैनिक भेजने वाले देशों में शामिल है, और वर्तमान में 6,000 से अधिक भारतीय सैनिक विभिन्न मिशनों में तैनात हैं। 2013 में उत्तर भारत में आई भीषण बाढ़ के दौरान भारतीय सेना ने "ऑपरेशन राहत" में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस मिशन में भारतीय वायुसेना ने 19,600 से अधिक लोगों को एयरलिफ्ट किया। जबकि भारतीय सेना ने 10,500 से अधिक लोगों को सड़कों और हेलीकॉप्टरों की मदद से बचाया। 1982 में, भारतीय सेना ने लद्दाख में विश्व का सबसे ऊंचा पुल दाबेली ब्रिज बनाया। यह पुल समुद्र तल से 18,739 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और इसकी लंबाई 98 फीट है।

भारतीय सेना के पास कुशल डॉग स्क्वॉड भी है, जिसमें जर्मन शेफर्ड, लैब्राडोर और बेल्जियन मेलिनॉय जैसी नस्लें शामिल हैं। ये प्रशिक्षित कुत्ते विस्फोटक खोजने, ट्रैकिंग और बचाव कार्यों जैसे अभियानों में सेना की महत्वपूर्ण सहायता करते हैं। भारतीय सेना न केवल अपनी बहादुरी के लिए जानी जाती है, बल्कि उसके रोचक इतिहास और शानदार परंपराओं के लिए भी सम्मिलित है। गोरखा रेजीमेंट गोरखा सैनिकों ने कारगिल युद्ध सहित कई अभियानों में अपनी वीरता का परिचय दिया है।

# गार्ड को गोली मारकर 78 लाख की लूट

**मीडिया ऑडीटर, जांजगीर-चांपा (एजेंसी)।** जांजगीर-चांपा में खोखरा स्थित शराब दुकान के पास दो बदमाशों ने शराब दुकानों से कैश कलेक्शन कर रही टीम से 78 लाख रुपए लूट लिए। बदमाशों ने सिक्योरिटी गार्ड के पैर में गोली मारकर वारदात को अंजाम दिया। घटना मंगलवार कर करीब साढ़े शाम 5 बजे की है। कैश कलेक्शन टीम में ड्राइवर समेत 3 लोग थे। टीम ने कई शराब दुकानों से कैश कलेक्शन किया था। जो बोलेरो वाहन (सीजी 12 एजेड 8733) में रखा था। गाड़ी का डोर नहीं खोलने पर बाइक सवार बदमाशों ने फायरिंग की। 50 पुलिस अफसर मामले की जांच में जुटे हैं। जिस पेटी में रकम रखी गई थी उससे रुपए निकालकर शराब दुकान से 50 मीटर दूर स्थित नहर में फेंका गया था। पुलिस ने पेटी बरामद कर लिया है।

**अलग-अलग जगह से कलेक्शन कर पहुंचे थे खोखरा:** टीम सुबह 10 बजे कैश कलेक्शन करने निकली थी। इस टीम में कलेक्शन एजेंट धीरज सिंह के साथ ड्राइवर अमन सिंह और एक सिक्योरिटी गार्ड शैलेंद्र सिंह शामिल थे।

# तालाब में मिली युवक की लाश

## शरीर में मिले चोट के निशान, हत्या की आशंका, गुस्साए लोगों ने 6 घंटे तक किया चक्काजाम

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** बिलासपुर में मंगलवार दोपहर तालाब में युवक की लाश मिली, उसके शरीर पर जख्मों के निशान देखकर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई। इस घटना से नाराज लोगों ने 6 घंटे तक चक्काजाम कर दिया।

युवक रात से तापता था और परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। घटना मस्तूरी थाना क्षेत्र की है। ग्राम गतौरा के अमहापारा तालाब में मंगलवार दोपहर लोगों ने युवक की लाश को पानी में देखा। शव मिलने की जानकारी मिलते ही वहां लोगों की भीड़ जुट गई। जिसके बाद घटना की सूचना पुलिस के डायल 112 को दी। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।

लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला गया, तब पता चला कि मृतक युवक ग्राम गतौरा के ही सूर्यवंशी मोहल्ले के कंकालीन मंदिर के पास रहने वाले अशोक कुमार टेंगवार (22) पिता स्व: अलख राम टेंगवर की है। उसके शरीर में चेहरा, सीना और पीठ में गंभीर चोट के निशान भी मिले।

**छेरछेरा मनाने के बाद शाम को टहलने निकला था युवक:** पुलिस की पूछताछ में पता चला कि अशोक सोमवार को छेरछेरा पर्व मनाने गया था। जिसके बाद दोपहर में घर आया। फिर शाम को 7 बजे के आसपास अपनी मौसी के घर से खाना खाकर टहलने निकला था, जिसके बाद उसका कुछ पता नहीं चला। इस दौरान परिजन उसकी तलाश कर रहे थे।

# तेज रफ्तार बलेनो डिवाइडर पर चढ़ी

## एयरबैग ने बचाई 3 लोगों की जान, बिजली के खंभे से टकराई कार





**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** बिलासपुर में मंगलवार रात एक तेज रफ्तार कार का भीषण हादसा हुआ। जिला न्यायालय के सामने रात करीब 9:30 बजे कार अनियंत्रित होकर पहले डिवाइडर पर चढ़ी और फिर बिजली के खंभे से जा टकराई। हादसे में कार में सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

गनीमत रही कि कार के एयरबैग खुलने से कार सवार यात्री सुरक्षित बच गए वरना बड़ा हादसा हो सकता था। हालांकि, हादसे के बाद कार का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

**टक्कर के बाद तुरंत खुल गए एयरबैग:** घटना नेहरू चौक से मुंगेली नाका की ओर जाते समय हुई। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि टक्कर के बाद स्टीयरिंग और डैशबोर्ड के एयरबैग तुरंत खुल गए, जिसने यात्रियों की जान बचा ली। मौके पर तैनात ट्रैफिक पुलिस ने 112 की मदद से घायलों को तत्काल सिम्स अस्पताल पहुंचाया।

सिविल लाइन थाना के प्रधान आरक्षक मनोज बरेठ के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त बलेनो कार (नंबर सीजी 04 एलएल 7722) पेंड्रा की है। हादसे के बाद एक व्यक्ति कार के बारे में पूछताछ करने आया था, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटा।

पुलिस ने कार को जब्त कर थाने में रखा है और वाहन मालिक की तलाश की जा रही है। घायलों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है और मामले में कोई अपराध दर्ज नहीं किया गया है।

# प्रधानमंत्री स्वनिधि से समृद्धि की और बढ़ते कदम

## पथ विक्रेताओं के परिवारों को महत्वाकांक्षी योजनाओं का मिल रहा विशेष लाभ




**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** भारत सरकार एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वकांक्षी प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर निधि, पीएम स्वनिधि योजना के क्रियान्वयन से नगर निगम चिरमिरी के फुटकर दुकानदारों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

गौरतलब है कि कोविड-19 के दौरान लॉकडाउन में हुए नुक़सान एवं व्यवसाय को पुनः स्थापित करने वाले चाट, फ़ुल्की, सब्जी एवं फ़ल दुकान, नाई, पंचर बनाने का काम करने वाले छोटे-मझौले व्यवसायों के लिए वरदान साबित हो रही है। योजना के तहत ऐसे शहरी पथ विक्रेताओं को बैंक के माध्यम से क्रमशः 10 से 20 हज़ार एवं 50 हज़ार 03 से 04 प्रतिशत ब्याज पर ऋण राशि प्रदान की जाती है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से लाभान्वित 1521 शहरी पथ विक्रेताओं के पूरे परिवारों के सदस्यों को स्वनिधि से समृद्धि योजना अंतर्गत भारत सरकार की 08 महत्वकांक्षी योजनाओं से जोड़ने हेतु इन परिवारों के सामाजिक-आर्थिक, सर्वेक्षण का कार्य नगर निगम में किया जा रहा है। वही स्वनिधि से समृद्धि योजना के अंतर्गत पीएम सुरक्षा बिमा योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम जन-धन योजना, पीएम श्रमयोगी मानधन योजना, पीएम मातृ वंदना योजना, जननी सुरक्षा बिमा योजना, वन नेशन वन राशन कार्ड एवं रजिस्ट्रेशन अंडर बीसोसिडब्लू से शहरी पथ विक्रेताओं के परिवारों के सदस्यों को जोड़ा जाता है।

इस सम्बंध में आयुक्त रामप्रसाद आचला ने बताया कि स्वनिधि से समृद्धि योजना अंतर्गत अब तक कुल 865 लक्षित परिवार सामाजिक, आर्थिक प्रोफाईलिंग का कार्य पूर्ण कर भारत शासन इन योजनाओं हेतु पात्र पाया गया है, जिसमें पीएम सुरक्षा बिमा योजना 1681, पीएम जीवन ज्योति बिमा योजना 1309, पीएम जन धन योजना 267, पीएम श्रमयोगी मानधन योजना 475, जननी सुरक्षा योजना 12, वन नेशन वन राशन कार्ड 06 रजिस्ट्रेशन अंडर बॉस 18 शासन के निर्देशानुसार सर्वेक्षण के विभिन्न योजनाओं हेतु पात्र सदस्यों को संबंधित योजना से जोड़ने संबंधित विभाग एवं वेंडर के परिवार के सदस्यों से समन्वय कर निकाय स्तर पर शिविरों का आयोजन कर संबंधित योजनाओं से जोड़ा जा रहा है।

# कलेक्टर व निगम प्रशासक के निर्देश पर निगम आयुक्त शहर की साफ़-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का प्रतिदिन कर रहे निरीक्षण



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** छत्तीसगढ़ सरकार के नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के विशेष निर्देश पर कलेक्टर एवं प्रशासक नगर निगम चिरमिरी के मार्गदर्शन पर नगर निगम के आयुक्त रामप्रसाद आचला चिरमिरी के वार्डों का भ्रमण प्रतिदिन कर रहे हैं। नगर निगम के स्वच्छता प्रभारी उमेश तिवारी के साथ प्रातः सुबह साफ-सफाई एवं वार्डों मे चल रहे हैं, निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं।

राज्य शासन के निर्देशानुसार निगम आयुक्त कोरिया कॉलरी के एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर कचरा पृथककरण की जानकारी लेकर सेंटर में साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से होने पर स्वच्छता दीदियों की प्रसंशा की। उन्होंने स्वच्छता दीदियों को समझाइए देते हुए कहा कि शहर में शत-प्रतिशत यूजर जार्च वसूली पर विशेष ध्यान देवें। इसके साथ ही आयुक्त ने शहर के बड़ाबाजार में अस्थाई जिला चिकित्सालय का भी औचक निरीक्षण कर पूरे परिसर का अवलोकन किया। उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था निरंतर बनाए रखने कर्मचारी व आमजनों से अपील की। इसके साथ ही उन्होंने बड़ाबाजार में तालाब का निरीक्षण कर उपस्थित कर्मचारियों को बेहतर साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान नगर निगम के सहायक अभियंता विजय बधावन, जिला समन्वयक (पीआईयु) प्रवीण कुमार सिंह मौजूद रहे।


# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ में लिंक ए.आर.टी. सेंटर का हुआ शुभारंभ



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के द्वारा विडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ में लिंक ए.आर.टी. सेन्टर की शुभारंभ किया गया है। इस सेन्टर के माध्यम से एचआईवी से संक्रमित मरीजों को सम्पूर्ण औषधि का लाभ मिलेगा । पूर्व में एचआईवी से संक्रमित मरीजों को 200 किमी दूर लिंक ए.आर.टी. सेन्टर, अम्बिकापुर से औषधी लेने जाना पड़ता था। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल के द्वारा मरीजों के परेशानियों को ध्यान में रखते हुए, नवीन जिला एम.सी.बी. के अर्न्तगत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ में लिंक ए.आर.टी. सेंटर का शुभारंभ किया गया। लिंक ए.आर.टी. सेन्टर में एचआइव्ही संक्रमित मरीजों के लिए औषधी उपलब्ध रहेगी। जिला में वर्ष 2008 से माह नवम्बर 2024 तक लगभग 269 मरीज एचआइव्ही से संक्रमित है।

जिसका विवरण आईसीटीसी ( एकीकृत परामर्श एवं परीक्षण केंद्र) मनेन्द्रगढ़ में एचआईवी से संक्रमित मरीजों की संख्या 178, आईसीटीसी चिरमिरी में एचआईवी से संकमित मरीजों की संख्या 85 एवं आईसीटीसी जनकपुर में एचआईवी से संक्रमित मरीजों की संख्या 06 पंजीकृत है। वर्तमान समय जिले में 01 अप्रैल 2024 से माह नवम्बर 2024 तक 50 मरीज एचआईवी से संक्रमित मरीजों का पंजीयन किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे द्वारा समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों का बैठक आहूत कर लिंक ए.आर.टी. सेन्टर के संबंध में जानकारी दी एवं एचआईवी से संक्रमित मरीजों का सम्पूर्ण ईलाज के संबंध में बताया गया। साथ ही तीनो विकासखण्ड के आईसीटीसी के परामर्शदाताओं को एचआईवी संक्रमित मरीजां का प्रबंधन संबंधी जानकारी दी गई। बैठक दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा कुछ संक्रमित मरीजों को औषधि वितरण एवं सेवन के संबंध में जानकारी देते हुए लिंक ए.आर.टी. सेंटर का शुभारंभ किया गया।

# रमदहा जलप्रपात जिले का एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** उत्तर छत्तीसगढ़ में स्थित रमदहा जलप्रपात वास्तव में एक आकर्षक पर्यटन स्थल है। यह जलप्रपात घने जंगलों से घिरा हुआ है, जो इसकी सुंदरता को और भी बढ़ाता है। यह जलप्रपात पिछले कुछ वर्षों में सैलानियों के बीच काफ़ी लोकप्रिय हुआ है और यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण ने इसे एक आदर्श पर्यटन स्थल बना दिया है। रमदहा जलप्रपात की सुंदरता न केवल इसके जलप्रपात में है, बल्कि इसके आसपास के क्षेत्र में भी फैली हुई है। यहाँ के घने जंगल, हरे-भरे मैदान और शांत वातावरण इसे एक आदर्श स्थल बनाते हैं। जहाँ लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ आराम कर सकते हैं और प्रकृति की सुंदरता का आनंद ले सकते हैं। यह जलप्रपात छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से करीब 350 किलोमीटर की दुरी में स्थित है, जो इसे एक आसानी से पहुँच योग्य स्थल बनाता है। जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के अंतर्गत पड़ने वाले ब्लॉक जनकपुर मुख्यालय से लगभग 45 किलोमीटर की दूरी पर बहरासी वन परिक्षेत्र का करवा बीट पड़ता है। जहां के ग्राम पंचायत धोवाताल के बरेल नाम के जंगल से बनास नदी का उद्गम होता है। बनास नदी के उद्गम स्थल से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर जिले का यह प्रसिद्ध रमदाह जलप्रपाप है। जहां पर जाकर यह नदी अपनी सुंदरता को 50 मीटर चौड़ाई और 100 फीट नीचे गिरते हुए बिखेरती है। इस दौरान जलप्रताप का बहता पानी एक अलग ही खूबसूरती को बयां करता है। जिसे देखने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के साथ-साथ मध्य प्रदेश से लेकर उत्तर प्रदेश तक के पर्यटक इसकी सुंदरता को निहारने के लिए यहां पहुंचते हैं। यह जलप्रपात न सिर्फ उत्तर छत्तीसगढ़ बल्कि पड़ोसी प्रांत मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में भी प्रसिद्धि हो चुका है। दिसंबर और जनवरी के महीने के दौरान यहां लोग पहले पिकनिक मनाने के लिए आते थे। वर्तमान में प्रत्येक दिन सैलानियों का यहां आना-जाना लगा रहता है। यह जलप्रपात पूरी तरह से प्राकृतिक रूप से विकसित है, जो वर्षा के दिनों में अपनी सौंदर्य बिखेरता है। यह जलप्रपात पूरी तरह से प्राकृतिक है। बनास नदी का पानी ऊंचाई से जब नीचे गिरता है, तो नीचे से ऐसा प्रतीत होता है मानों धुंध ने समूचे स्थल को घेर लिया है। झरने से गिरता पानी आगे चलकर बनास नदी का विराट स्वरूप ले लेता है। बारिश के दिनों में जलप्रपात की सुंदरता वास्तव में अद्भुत होती है। पानी की धारा तेज होती है और जलप्रपात की आवाज़ सुनने में बहुत ही सुखद लगती है। यह जलप्रपात अपनी अनोखी सुंदरता के लिए जाना जाता है, जो पर्यटकों को आकर्षित करता है। यह जलप्रपात की सुंदरता कुछ ऐसी है कि इसे हर कोई अपने कैमरे में कैद करना चाहता है।

# मनेंद्रगढ़ के सीलबंद तीन दुकानों के लिए दावा आपत्ति 17 तक

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** नगर मनेन्द्रगढ़ की जनता को सूचित किया जाता है कि हल्का पटवारी मनेन्द्रगढ़ द्वारा स्थल जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत कर प्रतिवेदित किया गया है कि बाह्य नजूल भूमि भू-खण्ड क्रमांक 262/1 रकबा 4.31/1430 वर्गफीट खुली भूमि बाह्य नजूल संधारण खसरा में दर्ज भूमि का तहसीलदार मनेन्द्रगढ़ व जनपद सीईओ मनेन्द्रगढ़ हल्का पटवारी द्वारा स्थल निरीक्षण में पाया कि भू-खण्ड कमांक 262/1 के अंश भाग रकबा 63*53=3339 वर्गफुट भूमि पर जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ द्वारा निर्मित दो दुकान सह गोदाम व सारांश सिन्हा आ. सत्येन्द्र सिन्हा के अंश भाग रकबा 32*29=928 वर्गफीट पर एक दुकान बनाकर अतिक्रमण किया गया है।

स्थल पर दुकान सह गोदाम में संलग्न अनुसार सामग्री जब्त कर तीन दुकानों को सील बंद किया गया। ऐसा प्रतिवेदन प्रस्तुत कर अग्रिम कार्यवाही किये जाने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त के संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा पेश करना है तो 17 जनवरी 2025 तक पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार का आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

# भारतीय महिला टीम ने 435 रन बनाकर रचा नया कीर्तिमान

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय महिला टीम और आयरलैंड के बीच राजकोट में तीसरा वनडे मैच खेला जा रहा है। इस मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। जहां भारत ने 435 रन बनाकर नया कीर्तिमान रच दिया। भारत ने निर्धारित50 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर इतने रन बटोरे। ये भारत का महिला और पुरुष क्रिकेट में सर्वोच्च वनडे सर्वोच्च वनडे स्कोर है। भारतीय महिला टीम ने पहली बार 400 का आंकड़ा पार किया है। टीम इंडिया का इससे पहले हाईएस्ट स्कोर 370 था जो हाल ही में आयरलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में था। वहीं भारत का ओवरऑल पिछला रिकॉर्ड 418/5 का था, जो पुरुष टीम ने 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाया था।

वहीं आयरलैंड के खिलाफ आखिरी मैच में सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल ने धांसू पारी खेलीष उन्होंने 154 रनों की पारी खेलकर गदर मचा दिया। उन्होंने 129 गेंदों का सामना करने के बाद 20 चौके और 1 छक्का मारा। उन्होंने महिला वनडे में भारत के लिए तीसरी सबसे बड़ी पारी खेली। उनसे आगे दीप्ति शर्मा और हरमनप्रीत कौर हैं। दीप्ति ने 2017 में आयरलैंड के खिलाफ 188 रन बनाए जबकि हरमनप्रीत ने 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 171 रन की पारी खेली थी। हरमनप्रीत आयरलैंड सीरीज में भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं।

भारत के लिए प्रतिका और मंधाना ने दमदार शुरुआत की। दोनों ने पहले विकेट केल लिए 233 रन की पार्टनरशिप खेली। ये महिला वनडे में भारत की तीसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। मंधाना ने भी शतक ठोका। उन्होंने 80 गेंदों में 12 चौकों और 7 छक्कों के दम पर 135 रन बनाए। वह 27वें ओवर में ओर्ला प्रेंडरगैस्ट का शिकार बनीं। प्रतिका की पारी का अंत फेया सार्जेंट ने 44वें ओवर में किया।




## रोहित शर्मा जमकर कर रहे मेहनत

नई दिल्ली (एजेंसी)। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं। उनके नेतृत्व में टीम का प्रदर्शन भी बेहद निराशाजनक रहा है। जून में टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद भारतीय कप्तान की हर कोई तारीफ कर रहा था लेकिन कुछ ही महीने के अंदर चीजें पूरी तरह से बदल गईं। टी20 इंटरनेशनल से संन्यास ले चुके रोहित पर टेस्ट से भी रिटायरमेंट लेने का दबाव बनने लगा। इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर रोहित ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है।

रोहित की फिटनेस को लेकर भी काफई सवाल उठ रहे हैं और इस वजह से भारतीय कप्तान अपनी फिटनेस पर जमकर काम कर रहे हैं। इंग्लैंड और चैंपियंस ट्रॉफी को देखते हुए रोहित खुद को फिट रखना चाहते हैं। इस बीच मुंबई के बीकेसी कॉम्प्लेक्स में दौड़ते रोहित शर्मा का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज नवजोत सिंह सिंद्धू ने भी रोहित को फिटनेस पर काम करने के लिए कहा था।

खराब दौर से जूझ रहे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 23 जनवरी से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण से पहले मंगलवार को मुंबई टीम के साथ अभ्यास किया लेकिन अभी ये स्पष्ट नहीं है कि वह आगामी मैच में खेलेंगे या नहीं। 37 वर्षीय रोहित ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बेहद खराब फॉर्म में थे।

## राजकोट में स्मृति मंधाना ने किया चमत्कार

नई दिल्ली (एजेंसी)। स्मृति मंधाना ने राजकोट में भारत और आयरलैंड की महिला टीमों के बीच खेले जा रहे तीसरे वनडे में कमाल करते हुए बेहतरीन शतक लगाया। टीम इंडिया कप्तान मंधाना ने 70 गेंदों में शतक पूरा किया, जिसके साथ ही उन्होंने विराट कोहली की बराबरी कर ली। बतौर ओपनर उतरी मंधाना ने बेहतरीन पारी खेलते हुए टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। 70 गेंदों में शतक पूरा करने के साथ ही मंधाना महिला वनडे में भारत के लिए सबसे तेज शतक लगाने वाली बल्लेबाज बन गईं। वहीं दूसरी तरफ विराट कोहली के नाम पर भी पुरुष वनडे में भारत के लिए सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड दर्ज है। कोहली ने अक्टूबर, 2013 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए वनडे मैच में सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड बनाया था। कहोली ने 52 गेंदों में 8 चौके और 7 छक्कों की मदद से सेंचुरी जड़ी थी। बता दें कि, भारत के लिए बतौर ओपनर मंधाना ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 80 गेंदों में 12 चौके और 7 छक्कों की मदद से 135 रनों की पारी खेली। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 168.75 का रहा। मंधाना ने और प्रतिका रावल ने पहले विकेट के लिए 233 रनों की साझेदारी की। मुकाबले में टीम इंडिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

## बीसीसीआई पदाधिकारी ने गौतम गंभीर के पीए पर लगाए गंभीर आरोप

नई दिल्ली (एजेंसी)। टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर का समय ठीक नहीं चल रहा है। उनके कोच बनने के बाद टीम इंडिया का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। पहले श्रीलंका, न्यूजीलैंड और फिर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत की हार को लेकर उन पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। आरोप लगाए, जा रहे हैं कि गौतम गंभीर का मैनेजर ऐसी जगहों पर मौजूद रहता था जहां उनका जाना निषेध था। बीसीसीआई के अधिकारी ने पीटीआई से कहा कि, गौतम गंभीर का पीए नेशनल सेलेक्टर्स के साथ क्यों बैठता था? कोच और सेलेक्टर अकेले में बात नहीं कर सकते थे। वह एडिलेड में बीसीसीआई के हॉस्पिटेलिटी बॉक्स में क्या कर रहे थे। वह फाइव स्टार फैसिलिटी में उस जगह नाश्ता क्यों कर रहे थे जहां केवल टीम के सदस्य ही रह सकते थे। बीसीसीआई के पदाधिकारी ने ये भी बताया, निजी मैनेजर के टीम बस में यात्रा करने से भ्रष्टाचार निरोधी इकाई के सदस्यों के कान भी खड़े हो जाते हैं। इस पर भविष्य में लगाम कसी जाएगी। जहां तक विदेशी दौरों में पत्नियों की उपस्थिति की बात है तो बैठक में इस पर चर्चा की गई और इस बारे में जल्द ही फैसला किया जाएगा। उन्होंने कहा कि, इसके अलावा सभी खिलाड़ियों और कोच को टीम बस से ही यात्रा करनी चाहिए।

# पंत ने दिल्ली के अगले रणजी मैच के लिए खुद को उपलब्ध बताया-डीडीसीए सचिव

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) सचिव अशोक शर्मा ने कहा कि भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने 23 जनवरी से राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ शुरू होने वाली दिल्ली के आगामी रणजी ट्रॉफी मैच के लिए खुद को उपलब्ध बताया है। पंत ने पिछली बार 2017-2018 सत्र में रणजी ट्रॉफी में दिल्ली का प्रतिनिधित्व किया था। दिग्गज विराट कोहली की भागीदारी पर हालांकि कोई स्पष्टता नहीं है। कोहली ने अपना पिछला रणजी मैच 2012 में खेला था। भारत के दोनों खिलाड़ियों को शेष सत्र के लिए दिल्ली के संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया है।

अशोक शर्मा ने पीटीआई को बताया, ''हां, पंत ने अगले रणजी मैच के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि की है और सीधे राजकोट में टीम से जुड़ेंगे। हम चाहते है कि विराट कोहली भी खेलें, लेकिन हमें उनकी प्रतिक्रिया नहीं मिली है। हर्षित राणा को भारतीय टी20 टीम में चुना गया है, इसलिए वह उपलब्ध नहीं होंगे।'' भारत के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी सुनील गावस्कर और रवि शास्त्री उन कई पूर्व खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो चाहते हैं कि मौजूदा पीढ़ी खासकर संघर्ष कर रहे रोहित शर्मा और कोहली लाल गेंद प्रारूप में घरेलू क्रिकेट खेलें।



शुभमन गिल और यशस्वी जयसवाल के भी अपने-अपने राज्य की टीमों के लिए खेलने की उम्मीद है। रोहित ने मंगलवार को मुंबई टीम के साथ अभ्यास कर के काफी दिलचस्पी जगाई, लेकिन यह देखना बाकी है कि क्या वह 23 जनवरी से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी मैचों के अगले दौर के लिए खुद को उपलब्ध रखेंगे। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) द्वारा अपने स्टार खिलाड़ियों को संभावितों की सूची में शामिल करना सामान्य बात है लेकिन अंतिम टीम में शामिल होना उनकी उपलब्धता पर निर्भर है।

रोहित ने खराब फॉर्म के कारण ऑस्ट्रेलिया में अंतिम टेस्ट से खुद को विश्राम दिया था। जबकि कोहली ऑस्ट्रेलिया दौरे पर नौ पारियों में आठ बार विकेट के पीछे (स्लिप या विकेटकीपर) कैच आउट हुए थे। कोहली और पंत के अलावा ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गये हर्षित राणा भी 38 संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल है। दिल्ली को रणजी लीग चरण में दो मैच खेलने हैं। टीम 23 जनवरी को राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ खेलेगी। दिल्ली की टीम ग्रुप डी में पांच मैचों में 14 अंक के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है।

## 10 साल बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी गंवाने का कारण आर अश्विन ने बताया



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के पूर्व क्रिकेटर आर अश्विन ने कहा कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ऑस्ट्रेलिया के लिए गेम चेंजर साबित हुए। अश्विन का मानना है कि बोलैंड टीम में ना होते तो ऑस्ट्रेलिया सीरीज गंवा देती। उन्होंने कहा कि उनकी राउंड द विकेट गेंदबाजी ने भारत के बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ काफी बड़ी भूमिका निभाई। अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बीच सीरीज के दौरान अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट सें सन्यास ले लिया था।

अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि, सभी कहते हैं कि पैट कमिंस ने सीरीज में बहुत अच्छा काम किया। लेकिन बाएं हाथ के खिलाफ वह संघर्ष करते दिखे। ऑस्ट्रेलिया भाग्यशाली रहा कि स्कॉट बोलैंड टीम में आ गए। अगर बोलैंड नहीं खेलते तो भारत सीरीज जीत जाता। जोस हेजलवुड भी बेहतरीन गेंदबाज हैं लेकिन अगर वे पुराने गेंदबाजी यूनिट के साथ खेलते तो हम जीत गए होते। बोलैंड की हमारे बाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए राउंड-द विकेट गेंदें एक प्रमुख फैक्टर थी।

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने सिर्फ तीन ही मैच खेले थे लेकिन पूरी सीरीज के दौरान वह भारतीय बल्लेबाजों को परेशान करते नजर आए। उन्होंने सीरीज में भारत के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को चार बार आउट किया था। उन्होंने तीन मैचों में कुल 21 विकेट झटके। उन्होंने आखिरी टेस्ट में 10 विकेट भी झटके। वह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज रहे।

# इस दिन होगी चैंपियंस ट्रॉफ 2025 की ओपनिंग सेरेमनी

नई दिल्ली (एजेंसी)। अगले महीने 19 फरवरी से चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज होने जा रहा है। जिसकी मेजबानी पाकिस्तान करेगा। वहीं टीम इंडिया इस टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल के तहत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगी। साथ ही कहा जा रहा है कि, 16 या 17 फरवरी को चैंपियंस ट्रॉफी की ओपनिंग सेरेमनी होगी। जिसके लिए भारत के कप्तान रोहित शर्मा को पाकिस्तान जाना पड़ सकता है। इसकी वजह चैंपियंस ट्रॉफी का कैप्टन डे है। दरअसल, आईसीसी इवेंट से पहले सभी टीमों के कप्तान एक जगह इकट्ठा होते हैं और ग्रुप फोटो सेशन होता है।

सभी कैप्टन का फोटोशूट कहां होगा? अभी तक कुछ कंफर्म नहीं है। लेकिन अगर फोटोशूट पाकिस्तान में होता है तो क्या बीसीसीआई रोहित को वहां भेजने के लिए तैयार होगा? ये सवाल इन दिनों चर्चा






का विषय बना हुआ है। कैप्टन डे को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। एएनआई के मुताबिक, बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा है कि, कैप्टन डे के लिए रोहित शर्मा के पाकिस्तान जाने पर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। पहले भारतीय टीम की घोषणा होगी और फिर हम कोई फैसला लेंगे। टूर्नामें में आठ टीम हिस्सा ले रही हैं जहां भारत और पाकिस्तान को छोड़कर सभी टीमों ने अपने स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है।

राजनीतिक तनाव के चलते भारत और पाकिस्तान ने लंबे मय से द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज नहीं खेली है। भारत ने 2008 के बाद से पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है। पाकिस्तान ने 2012-13 के बाद से भारत में द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली। दोनों टीमों की अब सिर्फ आईसीसी और एसीसी इवेंट में भिड़ंत होती है। भारत चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान की शुरुआत 20 फरवरी को करेगा।

# ठीक से नहीं चल पाए कांबली फिर भी छुए सुनील गावस्कर के पैर

मुबई (एजेंसी)। मुंबई के तमाम दिग्गज क्रिकेटर्स हाल ही में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम की 50वीं वर्षगाठ समारोह में पहुंचे थे, जिसे मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित किया गया था। इस समारोह में टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाज विनोद कांबली भी पहुंचे थे। तमाम बीमारियों से जूझने वाले कांबली को हाल ही में हॉस्पिटल से डिस्चार्ज किया गया था।

अस्तपाल से डिस्चार्ज होने वाले कांबली वानखेड़े स्टेडियम समारोह के जरिए पहली बार पब्लिक में दिखाई दिए। इस दौरान कांबली ने टीम इंडिया के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर के पैर छुए, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हाल ही में हॉस्पिटल से डिस्चार्ज होने वाले कांबली ठीक से चल भी नहीं पा रहे थे लेकिन फिर भी उन्होंने गावस्कर के पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

वहीं कांबली का ये वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल होता है। इस वीडियो में कांबली पहले पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर से मिलते हैं फिर वह पूर्व बल्लेबाज वसीम जाफर से मुलाकात करते हैं। इसके बाद चलकर सुनील गावस्कर के पास जाते हैं। इस दौरान साफ तौर पर देखा जाता है कि कांबली को चलने में काफी दिक्कत होती है।





कांबली को असहज होकर चलता देख दो लोगों ने उनका हाथ पकड़ा और उन्हें सुनील गावस्कर के पास ले गए। पहले कांबली ने दिग्गज गावस्कर से हाथ मिलाया और फिर पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद कांबली को समारोह में सम्मानित भी किया गया। फिर इसके बाद दो लोग कांबली को पकड़कर ले गए और वापस बैठा दिया।

वहीं इस दौरान कांबली युवा क्रिकेटर पृथ्वी शॉ से भी मिले। बता दें कि, इस समय शॉ अपने करियर के कठिन दौर से गुजर रहे हैं। शॉ, जिन्हें भारतीय क्रिकेट में एक होनहार प्रतिभा के रूप में देखा जाता था ने पिछले साल कठिन दौर का सामना किया। दिसंबर 2024 में विजय हजारे ट्रॉफी से बाहर होने के बाद, 25 वर्षीय सलामी बल्लेबाज आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में भी अनुबंध हासिल करने में विफल रहे।




स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चकधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।